हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026
[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]





A WIN FOR YOU.
A WIN FOR INDIA.

A transparent gold exchange process that gives you the best value for your old gold and helps India reduce its imports.

—WIN-WIN—
EXCHANGE

0%
Flat 0% deduction* on exchange of old gold (18 Kt and above) from any jeweller.

- No hidden deductions
- Exchange all year round
- Upgrade to latest gold & diamond designs
- Exchange for weddings, festivals & special occasions

Gold Rate Protection - Book in advance and stay protected against increasing gold rate*

Talk to our jewellery expert to know more 1800 2966 677 | Buy online at **tanishq.co.in** or Download our App *Conditions apply.

Scan the QR code to find the nearest Tanishq store

Tanishq: Rama Magneto Mall, Shrikant Verma Marg, Bilaspur, Chhattisgarh.
Mobile No.: 8223086661, 8223086662, 8223086667

खबर संक्षेप

आत्मानंद महाविद्यालय में रासेयो के कार्यक्रम में छात्रों ने दी प्रस्तुति



बिलासपुर। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम मॉडल महाविद्यालय में 16 अक्टूबर को राष्ट्रीय सेवा योजना के ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज सिन्हा थे। विशिष्ट अतिथि शितेश जैन एवं रेखा गुल्ला ने शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम अधिकारी एल. के. गावेल ने नवीन स्वयंसेवकों को एनएसएस की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के ऐतिहासिक विकास, नवीन परिवर्तनों एवं वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर से लेकर विश्वविद्यालय, जिला एवं महाविद्यालय स्तर तक एनएसएस की संगठनात्मक संरचना और कार्यप्रणाली की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि श्री जैन ने एनएसएस के शिविरों, उनकी उपयोगिता तथा उनमें स्वयंसेवकों की भूमिका के विषय में जानकारी साझा की। रेखा गुल्ला ने गणतंत्र दिवस परेड के चयन की प्रक्रिया के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान नवीन स्वयंसेवकों ने नृत्य, गायन एवं भाषण जैसी प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने नवीन स्वयंसेवकों को एनएसएस की कार्यप्रणाली समझने, अपनी प्रतिभा पहचानने तथा समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम राजकुमार सचदेव, एल के गवेल के मार्गदर्शन में सफल रहा।

घर-घर होगी जनसंख्या की गणना प्रशिक्षण का दौर पूर्ण

बिलासपुर। राष्ट्रीय महाअभियान जनगणना 2027 के तहत घरों-घर जनसंख्या की गणना होना है। इस द्वितीय चरण की जनगणना जनवरी माह में शुरू होगी, जिसके लिए चार दिनों तक चले प्रशिक्षण का दौर गुरुवार को पूरा हो गया। द्वितीय चरण के जनगणना के लिए चार दिनों तक चले इस प्रशिक्षण में मैदानी स्तर पर जानकारियों को डिजिटल माध्यम से बिना किसी त्रुटि के दर्ज करने की व्यावहारिक ट्रेनिंग दी गई। इस अवसर पर भारत सरकार के जनगणना निदेशालय छत्तीसगढ़ से संयुक्त निदेशक प्रदीप कुमार साहू एवं सांख्यिकी अन्वेषक विशाल दीक्षित मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहें। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी संजय अग्रवाल ने इसमें स्पष्ट किया कि जनगणना देश के विकास और शासकीय योजनाओं की बुनियाद है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड पर काम कर रहे प्रगणकों और सुपरवाइजरों का लगातार औचक निरीक्षण करें, ताकि बिलासपुर जिला पूरी निष्पक्षता के साथ शतप्रतिशत सटीक डेटा संग्रह कर सकें। जिला जनगणना अधिकारी शिव बनर्जी ने तकनीकी पहलुओं पर जोर देते हुए कहा कि राजस्व सीमाओं या शहरी वार्डों के सीमावर्ती क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का भ्रम न रखें। उन्होंने सभी तहसीलदारों और सीएमओ को तुरंत ब्लॉक व जोन स्तर पर अनुवर्ती प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए। जिला जनगणना कार्यालय के प्रभारी अधिकारी झील जायसवाल ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर आश्वस्त किया कि मैदानी अमले को मजबूत बैक-एंड सपोर्ट दिया जा रहा है। सभी चार्ज अधिकारियों को जरूरी प्रपत्र और डिजिटल क्रेडेंशियल आवंटित कर दिए गए हैं।

धान खरीदी की तैयारी के लिए उपार्जन केंद्र के समिति प्रबंधकों को दिए निर्देश



बिलासपुर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीदी की प्रारंभिक तैयारी के लिए 16 अक्टूबर शुक्रवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर में समीक्षा बैठक रखी गई। इसमें जिला बिलासपुर अंतर्गत आने वाली 130 समितियों एवं उसके अंतर्गत आने वाले उपार्जन केंद्र के सभी समिति प्रबंधक और कंप्यूटर ऑपरेटर बैठक में उपस्थित रहे। धान खरीदी की प्रारंभिक तैयारी के लिए को सीईओ सीसीबी प्रभात मिश्रा द्वारा निर्देश दिया गया कि धान खरीदी की प्रारंभिक तैयारी पुख्ता और अच्छी तरीके से हो जाए यह सुनिश्चित करें। जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी आशीष दुबे द्वारा सभी प्रबंधक और ऑपरेटर को धान खरीदी की प्रारंभिक तैयारी के निर्देश दिए और शासन के द्वारा निर्धारित चेक लिस्ट जिसमें 35 पॉइंट होते हैं उस हिसाब से धान खरीदी की तैयारी करने के निर्देश दिया गया। खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर, मार्कफेड अधिकारी उपेंद्र कुमार ने सभी समिति प्रबंधक और ऑपरेटर को धान खरीदी के सुचारू संचालन संबंधी निर्देश दिए। बैठक में प्रभात मिश्रा, आशीष दुबे, अमृत कुजूर, उपेंद्र कुमार, प्रोग्रामर इशिता दुबे, सदुर्गेश साहू, कैलाश कश्यप, कमल पटनवार, रूद्र तिवारी, रूपवंत सिंह, विनोद सिंह, संतोष यादव, आशीष चंद्राकर भगवान सिंह आदि उपस्थित थे।

जागो नगर कल्याण समिति ने कराया कन्या भोज



बिलासपुर। नवरात्रि पर दीपक सोनी मित्र मंडल एवं जागो नगर कल्याण समिति द्वारा 16 अक्टूबर को दृष्टिबाधित बालिकाओं के लिए कन्या भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। एनएफबी. ज्ञानदीप स्पर्श छात्रावास परिसर के छात्रों को बस स्टैंड अभिलाषा परिसर, तिफरा में कन्या भोज कराया गया। दृष्टिबाधित कन्याओं को दीपक सोनी मित्र मंडल एवं जागो नगर कल्याण समिति द्वारा सेनेटरी पैड का वितरण भी किया गया। इस पहल के माध्यम से बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और समाज में इस विषय पर सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रयास किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य केवल कन्या भोज कराना ही नहीं, बल्कि समाज को यह संदेश देना भी है कि सेवा का वास्तविक अर्थ किसी के जीवन में खुशियां बांटना, उसके आत्मसम्मान का आदर करना और बिना किसी भेदभाव के सभी को समान स्नेह देना है। दृष्टिबाधित बालिकाएं भी समाज का अभिन्न अंग हैं। उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास और सपनों को सम्मान देना हम सभी की जिम्मेदारी है।

आतिशबाजी के साथ निकलेगी शोभायात्रा | **शहर में ही 10 से अधिक जगहों पर मनाया जाएगा दशहरा उत्सव**

पुलिस मैदान में 65 तो साइंस कालेज में 80 फीट का जलेगा रावण

बिलासपुर। नवरात्र के साथ ही दशहरा उत्सव की धूम मची है। पुलिस ग्राउंड सहित करीब 10 से अधिक जगहों पर 55-80 फीट के रावण दहन का आयोजन होगा, जिसमें जमकर आतिशबाजी होगी। इसमें पुलिस मैदान में 65 फीट तो साइंस कालेज मैदान में 80 फीट के रावण का दहन किया जाएगा।

- 500 से लेकर 20 हजार रुपए तक के रावण बाजार में उपलब्ध हैं

इधर शहर के गांधी चौक से लेकर चौक-चौराहों पर रावण का बाजार सज गया है। खरीदारों की भीड़ भी लग रही। इस बार मार्केट में रावण के पुतले महंगे हो गए हैं। 500 रुपए से लेकर 20 हजार रुपए तक के रावण बाजार में उपलब्ध है। वहीं, ऑर्डर पर 20 फीट से लेकर 80 फीट तक रावण तैयार किए जा रहे हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ ही शहर विधायक अमर अग्रवाल इस बार भी कई जगहों पर मुख्य अतिथि होंगे और रावण दहन करेंगे। वेलतरा क्षेत्र में विधायक सुशांत शुक्ला अतिथि रहेंगे। दशहरा उत्सव इस साल 20 अक्टूबर दिन मंगलवार को मनाया जाएगा। इसमें रावण दहन के साथ ही जगह-जगह भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकलेगी। पुलिस मैदान में होने वाले रावण दहन कार्यक्रम के लिए तिलकनगर स्थित राम मंदिर से भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

रावण के साथ मेघनाद और कुंभकर्ण के भी पुतले

इसके साथ ही शहर की प्रमुख जगहों पर रावण के साथ ही मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले भी जलाए जाएंगे। प्रमुख आयोजन पुलिस मैदान, पुराना बस स्टैंड चौक, लाल बहादुर शास्त्री मैदान और रेलवे के एनआईए ग्राउंड, नूतन चौक और साइंस कालेज मैदान, चांटीडीह, मुंगेली नाका चौक में होगा। इस बार भी रावण दहन कार्यक्रम के लिए शहर की बड़ी समितियों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। रावण दहन के दौरान आतिशबाजी आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगा। शहर के मोहल्ले, कालोनियों, बस्तियों आदि मिलाकर 2500 से ज्यादा छोटे-बड़े रावण के पुतलों का दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व मनाया जाएगा।

अच्छे कारोबार की उम्मीद

नवरात्र साथ ही विजयादशमी पर्व मनाने की तैयारी की जा रही है। बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा को लेकर इस बार लोगों में खासा उत्साह है और उम्मीद है कि रावण बनाने वाले कारीगरों का कारोबार अच्छा होगा। गांधी चौक से लेकर नूतन चौक, मुंगेली नाका चौक, तोरवा, राजकिशोर नगर सहित जगह-जगह रावण बाजार सज गया है। रावण बनाने वाले कारीगर रोहित तांबे ने बताया कि उनकी तैयारी एक माह पहले से चल रही है। ऑर्डर पर 20 फीट से लेकर 70 फीट तक रावण तैयार किया गया है। इसके अलावा छोटे-बड़े साइज के 2500 से अधिक रावण बनाए गए हैं।

यहां होगा रावण दहन

- पुलिस मैदान शाम सात बजे, रावण की लंबाई 65फीट
- पुराना बस स्टैंड मैदान शाम साढ़े सात बजे, रावण की लंबाई 60 फीट
- नूतन चौक शाम साढ़े सात बजे, रावण की लंबाई 65 फीट
- एनईआइ मैदान, शाम छह बजे, रावण की लंबाई 65 फीट
- लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान शाम आठ बजे, रावण की लंबाई 60 फीट
- शासकीय स्कूल प्रांगण चिंगराजपारा, रावण की लंबाई 55 फीट
- साइंस कालेज मैदान सरकंडा, रावण की लंबाई 65 फीट

प्राचार्यों ने दो शिफ्ट में एग्जाम कराने दिया सुझाव

विवि ने सेमेस्टर एग्जाम की तैयारी को लेकर प्राचार्यों से की रायशुमारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी ने स्नातक व स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर एग्जाम की तैयारी को लेकर शुक्रवार को कालेजों के प्राचार्यों के साथ रायशुमारी की। इस मिटिंग में कुलपति प्रो. एलपी पटैरिया ने एग्जाम के पहले पाठयक्रम पूरा करवाने पर जोर दिया, वहीं गवर्नमेंट व प्राईवेट कालेजों के प्राचार्यों ने दो शिफ्ट में ही एग्जाम कराने का सुझाव दिया है। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत आगामी विषम सेमेस्टर एग्जाम की तैयारी को लेकर आज गवर्नमेंट एवं प्राईवेट कालेजों के प्राचार्यो की मिटिंग रखी गई थी। इसमें यूनिवर्सिटी से संबद्धता प्राप्त गवर्नमेंट और प्राईवेट कालेजों के प्राचार्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

- कुलपति ने पाठयक्रम पूरा कराने पर दिया जोर

प्राचार्यों को संबोधित करते हुए यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एलपी पटैरिया ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित अकादमिक कलैंडर के अनुसार यूनिवर्सिटी परीक्षा आयोजित कराने को बाध्य है। परीक्षा कार्य में कालेजों के पदस्थ शिक्षकों, कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त होता है। कुलपति ने परीक्षा पूर्व सभी कालेजों को पाठयक्रम पूरा कराने जोर देते हुए सैद्धांतिक परीक्षा के पहले यूनिवर्सिटी द्वारा निर्धारित तिथि तक आंतरिक एवं प्रायोगिक परीक्षा आयोजित कर ली जाए। इसी तरह प्राध्यापकों से कहा गया है कि निर्धारित पाठयक्रम अनुसार प्रश्नों का निर्माण करें और निर्धारित समय पर परीक्षा परिणाम जारी करने के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा सौंपे गए मूल्यांकन कार्य को पूर्ण करें।

धारा 28 के तहत नियुक्ति के निर्देश

कुलपति ने प्राईवेट कालेजों में रिक्त प्राचार्यों एवं शिक्षकों की भर्ती धारा 28 के अंतर्गत शीघ्र करने कालेजों को निर्देश दिया है। इसी तरह सभी परीक्षाओं के लिए यूनिवर्सिटी द्वारा प्रदत्त परीक्षा अग्रिम का हिसाब परीक्षा समाप्ति के एक सप्ताह के भीतर देने पर जोर दिया गया है। अधिकांश कालेजों के पास यूनिवर्सिटी का परीक्षा अग्रिम शेष है उसे जल्द से जल्द निराकृत करने के लिए कालेजों के प्राचार्यों को निर्देश दिया गया। मिटिंग में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पाठयक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कालेजों के प्राचार्यों ने भी सेमेस्टर परीक्षा को नवंबर माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित करने और शीतकाल को ध्यान में रखते हुए परीक्षा दो पालियों में आयोजित करने की बात कही। इस मिटिंग को यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार तार्णिश गौतम ने संबोधित किया।

गौरव और आभा के भजनों से गूंजा स्वर्णिमा एरा



बिलासपुर। स्वर्णिमा एरा कॉलोनी, बहतराई रोड में गुरुवार को पंचमी की रात नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत माता के जगराते का आयोजन किया गया।

- पंचमी की रात जगराते में सजीं आकर्षक झांकियां

सिंगर गौरव जोशी और आभा बाजपेयी ने भक्ति गीतों की प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जगराते में विभिन्न धार्मिक झांकियां भी प्रदर्शित की गईं, जो आकर्षण का केंद्र रहीं। माता के जयकारों और भजनों से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। स्वर्णिमा एरा सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के पांचवें नवरात्रि महोत्सव में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम है। 19 अक्टूबर तक चलने वाले महोत्सव में बच्चों की प्रतियोगिताओं, गरबा, गायन, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन होने वाली आरती में भी कॉलोनीवासी उत्साहपूर्वक शामिल हो रहे हैं

डीपी लॉ कालेज में हुआ विवाद

बिलासपुर। डीपी विप्र लॉ कालेज में आए दिन छात्रों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। शुक्रवार को फिर विवाद हुआ और कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस से जुड़े छात्रों के साथ विवाद को लेकर कालेज प्रबंधन से लेकर पुलिस थाना में शिकायत की गई है।

डीपी विप्र लॉ कालेज में पिछले माह घेराव प्रदर्शन के दौरान छात्रों के साथ मारपीट की घटना हुई थी। उसके बाद बीच में फिर छात्रों के बीच विवाद हुआ था। आज फिर कालेज में विवाद की स्थिति निर्मित हुई और कालेज के एनएसएस से जुड़े विद्यार्थियों के साथ अभद्र व्यवहार एवं धमकी दिए जाने के मामले को लेकर एनएसएस के छात्रों ने लॉ कालेज प्रबंधन और पुलिस थाना में शिकायत की है। शिकायत करने वाले छात्रों ने दो छात्रों द्वारा लगातार गाली-गलौच किए जाने का आरोप लगाते हुए बाहरी छात्रों को बुलाकर गाली-गलौच करने की बात कही है। छात्रों का आरोप है कि उन्हें डराने के लिए कालेज के बाहर देख लेने की धमकी दी जाती है, जिससे छात्र-छात्राओं में भय एवं असुरक्षा का माहौल है। एनएसएस में बड़ी संख्या में ऐसे छात्र-छात्राएं हैं जो दूसरे गांवों एवं क्षेत्रों से आकर कालेज में अध्ययन करते हैं। छात्रों ने कालेज प्रबंधन और पुलिस से शिकायत करते हुए मांग की है कि घटनाओं की निष्पक्ष जांच की जाए तथा नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही कालेज परिसर में विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित किया जाए।

ऑल इंडिया एडवोकेट्स क्रिकेट टूर्नामेंट में छग हाईकोर्ट की टीम दिखाएगी दमखम

बिलासपुर। मुंबई में 17 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक होने वाले ऑल इंडिया एडवोकेट्स क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की क्रिकेट टीम प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों की अधिवक्ता क्रिकेट टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के अधिवक्ता खिलाड़ी पवन केशरवानी, राहुल तामस्कर, यथार्थ सिंह, दीपक अग्रवाल, रोहित तिवारी, अभिषेक शगौरा एवं संस्कार शुक्ला मुंबई के लिए रवाना हो रहे हैं। टूर्नामेंट को लेकर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह है। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के उद्देश्य से खिलाड़ियों द्वारा लगातार अभ्यास एवं विशेष तैयारियां की गई हैं। सभी खिलाड़ियों का लक्ष्य शानदार प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट एवं प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करना है। हाईकोर्ट अधिवक्ता एवं क्रिकेट खिलाड़ी दीपक अग्रवाल ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आपसी समन्वय एवं टीम भावना को भी मजबूत करता है। मुंबई में आयोजित इस प्रतियोगिता से देशभर के अधिवक्ताओं के बीच आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं खेल भावना को बढ़ावा मिलेगा।



लिपिकों को राहत देने सामान्य प्रशासन विभाग से आदेश जारी करने की मांग

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ ने लिपिकों की वार्षिक वेतनवृद्धि रोके जाने तथा वेतन से वसूली संबंधी मामलों में राहत प्रदान करने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन से आवश्यक सामान्य आदेश जारी करने की मांग की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी ने 15 अक्टूबर को सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन को ज्ञापन प्रेषित कर न्यायालय के संबंधित आदेशों के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश के लिपिकों के हित में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2013 से 2023 तक नियुक्त लिपिकों की कौशल परीक्षा, हिंदी मुद्रलेखन परीक्षा तथा वेतनवृद्धि एवं वसूली से संबंधित समस्याओं के कारण कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं। संघ ने संबंधित न्यायालयीन आदेशों का हवाला देते हुए कहा है कि जिन विभागों में हिंदी मुद्रलेखन परीक्षा आयोजित नहीं की गई है, वहां लिपिकों की वार्षिक वेतनवृद्धि नहीं रोकी जानी चाहिए। संघ ने यह भी मांग की है कि जिन मामलों में न्यायालयीन आदेशों के अनुसार वेतन से वसूली नहीं की जानी है, उनमें वसूली की कार्रवाई समाप्त की जाए तथा संबंधित कर्मचारियों को अनावश्यक आर्थिक परेशानी से राहत दी जाए। प्रदेश अध्यक्ष श्री तिवारी ने शासन से आग्रह किया है कि न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए सभी संबंधित विभागों के लिए एक स्पष्ट एवं समान सामान्य आदेश जारी किया जाए।

अरपा में मिली लाश फैली सनसनी

बिलासपुर। सरकंड़ा क्षेत्र के अंतर्गत शिवघाट में शुक्रवार की शाम 6 बजे के आसपास नदी के तट पर एक लाश बहते पानी में मिली, जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि जिस व्यक्ति की लाश अरपा नदी में मिली है, उसकी शिनाख्त गुरू विहार कालोनी मुक्तिधाम के पास रहने वाले नवीन कुमार सिंह के तौर पर की गई है। सरकंडा टीआई प्रदीप आर्य ने बताया कि गुरूवार को मृतक के बेटे राजवीर ने अपने पिता नवीन कुमार सिंह की गुमशुदा होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस पतासाजी कर रही थी, शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची इस दौरान नवीन कुमार सिंह का शव बरामद किया गया है।

सीवीआरयू में एग्रीथॉन, कृषि नवाचारों को मिला मंच

79 प्रतिभागियों ने विचार और प्रोटोटाइप किए प्रस्तुत, सात विजेताओं को मिले 65 हजार रुपए



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा स्थित सीवीआरयू आई-टीबीआई फाउंडेशन में 14 और 15 अक्टूबर को दो दिवसीय एग्रीथॉन का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र की चुनौतियों के तकनीक आधारित समाधान, टिकाऊ कृषि पद्धतियों और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना था।

आयोजन में छत्तीसगढ़ सहित सात राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। नाइजीरिया के एक प्रतिभागी ने भी ऑनलाइन सहभागिता की। सीवीआरयू आई-टीबीआई फाउंडेशन, इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल और ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग तथा स्टार्टअप छत्तीसगढ़ का सहयोग मिला। प्रतियोगिता के लिए 100 से अधिक प्रविष्टियां आईं, जिनमें से 79 प्रतिभागियों और टीमों का चयन किया गया। पहले दिन विचार प्रस्तुतियां और दूसरे दिन प्रोटोटाइप का प्रदर्शन हुआ।

अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक : कुलपति

कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि कृषि नवाचार किसानों की समस्याओं के व्यावहारिक समाधान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक हैं। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी और समकुलपति डॉ. जयति चटर्जी ने भी कृषि, तकनीक और नवाचार के समन्वय पर जोर दिया। आयोजकों ने चयनित नवाचारों को प्रोटोटाइप विकास, मार्गदर्शन और इन्क्यूबेशन सहायता से जोड़ने की बात कही।

इन्हें मिला पुरस्कार

विचार प्रस्तुति में सीवीआरयू की पाखी सिंह और उनकी टीम प्रथम, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के हर्षवर्धन बाजपेयी द्वितीय तथा सीजीआईटी बिलासपुर के अभिषेक जाधव और सीएसवीटीयू रायपुर के मिलिंद वासनिक संयुक्त रूप से तृतीय रहे। प्रोटोटाइप प्रदर्शन में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के खिरसागर पटेल प्रथम, सीवीआरयू के प्रतीक अग्रवाल और उनकी टीम द्वितीय तथा सीजीआईटी के समर्थ मिश्रा तृतीय रहे। सात विजेताओं को कुल 65 हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी गई।

प्रथम हॉस्पिटल में अत्याधुनिक कैथलैब का शुभारंभ, बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

बिलासपुर। बहतराई रोड स्थित 'प्रथम हॉस्पिटल' का वार्षिकोत्सव एवं नवीन अत्याधुनिक कैथलैब का भव्य समारोह में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में पूज्य संतवृंद के पावन सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ अत्याधुनिक कैथलैब का उद्घाटन किया गया, जिससे अब क्षेत्र के हृदय रोगियों को उच्चस्तरीय आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं सुलभ होंगी।





हेल्थ प्लस

संध्याकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक देवेंद्र वर्मा, प्रथम हॉस्पिटल के संचालक डॉ. रजनीश पाण्डेय एवं राधेश्याम परिहार ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। इसके उपरांत माँ सरस्वती वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति से सांस्कृतिक संध्या का आगाज हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि श्री नामदेव ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक व सामाजिक आयोजनों से बच्चों और युवाओं में अपने कार्य, समाज और राष्ट्र के प्रति सेवा भाव एवं प्रतिबद्धता सुदृढ़ होती है। विशिष्ट अतिथि नवीन सिंह एवं प्रदीप शर्मा ने प्रथम हॉस्पिटल द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि अस्पताल की उत्कृष्ट व मानवीय सेवाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति तक को सीधा लाभ मिल रहा है, और यह संस्थान निरंतर अपनी समर्पित सेवाओं से क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रहा है। प्रथम हॉस्पिटल के संचालक डॉ. रजनीश पाण्डेय ने संस्थान की प्रेरणादायी विकास यात्रा साझा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सीमित संसाधनों और एक छोटे से क्लीनिक से शुरू हुआ यह सेवा-संकल्प आज 200 बिस्तरों के सशक्त एवं आधुनिक हॉस्पिटल नेटवर्क का रूप ले चुका है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय चिकित्सकों, समस्त स्वास्थ्यकर्मियों की अनवरत मेहनत और आमजन के अटूट विश्वास को दिया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर प्रफुल्ल शर्मा, पूर्णेन्दु भट्ट, पूर्व विधायक राजू क्षत्रिय, डॉ. विनोद तिवारी, डॉ. योगेंद्र परिहार, मोहित जायसवाल, विजय केशरवानी, विक्रम सिंह परिहार, माधो मिश्रा, नागपुर स्थित योगिराज हॉस्पिटल, मरवाही के आरोग्य श्री हॉस्पिटल, आराध्या हॉस्पिटल तथा प्रथम हॉस्पिटल परिवार के सभी सदस्य एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 24.4 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



फेस्टिवल सीजन में नगर निगम ने शहर में साफ-सफाई शुरू की।

खबर संक्षेप

उन्नयन कार्य का लोकार्पण करेंगे आज

बिलासपुर। श्रीराम मंदिर प्रांगण में नव निर्मित रघुनाथ सभागृह एवं भवन उन्नयन कार्य का लोकार्पण



समारोह 17 अक्टूबर को शाम 4 बजे आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरुण साव इसका लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक अमर अग्रवाल करेंगे। समारोह के विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी होंगी।

बिलासपुर से रतनपुर के लिए चुनरी यात्रा आज

बिलासपुर। शारदीय नवरात्रि पर 17 अक्टूबर शनिवार को शाम 5 बजे महामाया मंदिर रतनपुर के लिए बिलासपुर से भव्य एवं ऐतिहासिक चुनरी यात्रा निकाली जा रही है। आशीष अवस्थी ने बताया कि शुरुआत 51 पंडितों द्वारा सामूहिक शंखनाद से होगी। शंखनाद के बाद 11 पंडितों द्वारा अरपा की महाआरती की जाएगी। चुनरी यात्रा महामाया चौक बिलासपुर से प्रारंभ होकर सेंदरी, भैरव बाबा मंदिर होते हुए रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर पहुंचेगी। यात्रा संपन्न होने के बाद महामाया मंदिर के मुख्य द्वार पर 51 पंडितों द्वारा शंखनाद एवं 11 पंडितों द्वारा भव्य महामाया आरती की जाएगी। जनसैलाब को देखते हुए व्यापक सुरक्षा एवं सेवा व्यवस्था की गई है। आयोजक आशीष मोनू अवस्थी ने बिलासपुर वासियों से संध्या 5 बजे अरपा रिवर व्यू में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने की अपील की है।

एयरपोर्ट सहायक ग्रेड-3 की कौशल परीक्षा 28 को

बिलासपुर। बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट बिलासपुर चकरभाठा के लिए विज्ञापित सहायक ग्रेड-3 के संविदा पद की कौशल परीक्षा 28 अक्टूबर को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में आयोजित की जाएगी। कौशल परीक्षा के लिए पात्र 551 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र उनके पते पर भेज दिए गए हैं। प्रवेश पत्र जिला प्रशासन की वेबसाइट पर भी अपलोड किए गए हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट से प्रवेश पत्र प्राप्त कर उसमें दिए गए निर्देशों के अनुसार निर्धारित तिथि एवं स्थल पर कौशल परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

इमलीपारा काम्प्लेक्स की दुकानों का होगा आबंटन, कीमत 11 से 74 लाख तक

निगम के पास वेतन और लंबित भुगतानों के लिए फंड ही नहीं, संचित निधि से निकाले जाएंगे 5 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम के पास आपातकालीन कार्य और अनिवार्य मदों के लंबित भुगतान के लिए फंड नहीं है। इसलिए ही 5 करोड़ रुपए संचित निधि से आहरित करने का प्रस्ताव एमआईसी में रखा गया। निगम के मुताबिक आगामी त्यौहार को देखते हुए निकाय मद अंतर्गत वेतन भुगतान एवं ठेका श्रमिकों के भुगतान हेतु राशि की आवश्यकता होगी। इसमें फिलहाल निगम के पास 10 करोड़ की संचित निधि है। इसके साथ ही इमलीपारा की 52 दुकानों के आबंटन का प्रस्ताव शुक्रवार को एमआईसी की बैठक पास किया गया। इसमें तय किया गया कि नई व्यवस्थापन नियम के तहत दुकानें व्यापारियों को दी जाएंगी। इसमें इमलीपारा तरफ की दुकानें 3900 रुपए प्रति वर्गफीट और 2827 रुपए भूमिकर मिलाकर ली जाएंगी। इसके मुताबिक 164 वर्गफीट की एक दुकान की कीमत 11 लाख तो 180 वर्गफीट की दुकानों की कीमत 12 लाख तय की गई है। इसी तरह बस स्टैंड की तरफ की 4 दुकानों में से कुछ की साइज 600 वर्गफीट तक है। इनकी कीमत 74 लाख है। निगम के मुताबिक जिन व्यापारियों को वहां से हटाया गया था उन्हें आबंटन में पहले प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही एमआईसी में कुल 28 प्रस्तावों पर विचार कर निर्णय लिए गए।

शुक्रवार को हुई एमआईसी में सबसे प्रमुख मुद्दा इमलीपारा दुकानों का आबंटन और बृहस्पति बाजार के व्यापारियों को गोंड़पारा में व्यवस्थापन का था। इमलीपारा काम्प्लेक्स के मामले में प्रस्ताव पास किया गया कि जो भी व्यापारी दुकान लेंगे वे प्रीमियम को आसान किश्तों में दे सकेंगे, लेकिन प्रारंभिक पंजीयन शुल्क, कुल लागत के 25% से कम नहीं होगा तथा अधिकतम मासिक किश्तें चौबीस से अधिक नहीं होगी। साथ ही भू-भाटक-किराये का भुगतान नियमित रूप से किया जाएगा।दुकानों के आबंटन के लिए समिति का गठन भी किया गया है। इसमें कलेक्टर, महापौर, एसडीएम, संयुक्त संचालक (संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय), आयुक्त (नगर पालिक निगम) रहेंगे।

वार्डों के विकास के लिए 126 करोड़ रुपए से अधिक के प्रस्तावों को भी मिली मंजूरी



इन प्रस्तावों पर भी लगी मुहर

इसके साथ ही राजकिशोर नगर स्थित नवीन कॉम्प्लेक्स के ग्राउंड फ्लोर हॉल को शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय को सालाना 6,97,851 रुपए किराए पर देने का प्रस्ताव रखा गया। ऊर्जा पार्क के पास राहत शिविर भवन निर्माण के लिए गजराज बिल्डकॉन की 22.22 प्रतिशत कम दर वाली निविदा को मंजूरी दी गई। इसके अलावा एसटीपी के रखरखाव, वेतन व ठेका श्रमिकों के भुगतान के लिए संचित निधि से पांच करोड़ रुपए लेने, आंगनबाड़ी सहायिकाओं की चयन सूची और सड़क-नाली निर्माण के संशोधित प्रस्तावों पर भी निर्णय लिया गया।

व्यापारी 83 लेकिन 52 दुकान ही खाली

निगम के मुताबिक काम्पलेक्स में भूतल में विभिन्न आकारों के 36 दुकान तथा प्रथम तल में 29 दुकान निर्मित है। इसमें से 8 दुकानों का टेंडर कर दिया गया है और अनुबंध किया जाना है। इसके साथ ही 5 दुकान को जिनकी लीज अवधि शेष होने के कारण पूर्व में ही आबंटन की स्वीकृति प्राप्त है। सबसे बड़ी परेशानी लेकिन दुकानों को लेकर है। दरअसल कुल 83 व्यवसायियों को दुकानें दी जानी हैं लेकिन कुल 52 दुकान ही रिक्त है। इसलिए निगम ने तय किया है कि एक ही व्यक्ति-परिवार के नाम पर यदि 2 दुकानें थीं तो ऐसी स्थिति में ऐसे व्यवसायियों से सहमति (अंडरटेकिंग) प्राप्त कर बड़ी साइज की एक दुकानें दी जाएंगी। साथ ही शेष दुकानदारों को लॉटरी के माध्यम से दुकानों का आबंटन होगा।

गोंड़पारा में शिफ्ट होगा बृहस्पति बाजार

एमआईसी में नया बृहस्पति बाजार मार्केट/भवन के निर्माण पर भी चर्चा हुई। इसमें बताया गया कि बृहस्पति बाजार में 218 चबूतरे एवं 37 दुकानें किरायेदारी पर दी गई हैं।अब नया बाजार बनाने के लिए इन सब्जी व्यापारियों को गोंड़पारा में शिफ्ट किया जा रहा है। इस जगह पर निगम द्वारा सफाई, कचरा निस्तारण, पेयजल, यातायात व्यवस्था आदि उपलब्ध करायी जाएगी। यह एक अस्थायी व्यवस्था होगी इस पर किसी प्रकार का स्थायी स्वामित्व, लीज अधिकार एवं परम्परागत कब्जा नहीं माना जाएगा। ऐसे दुकानदार जो कम से कम 3 साल से सब्जी बेच रहे हैं उन्हें गोंड़पारा में जगह मिलेगी।

रेत के अवैध परिवहन मामला

जेसीबी आपरेटर को तीन वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



- न्यायालय ने 26 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया
- अवैध परिवहनकर्ताओं में मचा हड़कंप

जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने चलाए गए विशेष अभियान के तहत दर्ज एक प्रकरण में न्यायालय ने जेसीबी मशीन ऑपरेटर को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश, खान और खनिज विकास और विनियमन अधिनियम ने आज आरोपी अनिल कुमार गौलिया को दोषी पाते हुए विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत कुल 26 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया है। इस फैसले के बाद खनिजों के अवैध परिवहनकर्ताओं में हड़कंप मच गया है।

उप संचालक खनिज प्रशासन बिलासपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर 15 जून 2025 से खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया गया था। इसके तहत खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई में 66 प्रकरणों में जिले के विभिन्न थानों में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इन्हीं में शामिल एक प्रकरण में 17 जून 2025 को नगोई घाट स्थित अरपा नदी से जेसीबी वाहन क्रमांक सीजी 11 एबी 3246 के माध्यम से रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर कार्रवाई की गई थी। वाहन को पुलिस चौकी बेलगहना की अभिरक्षा में रखा गया था। मामले में करगीरोड कोटा डाकबंगला निवासी जेसीबी ऑपरेटर अनिल कुमार गौलिया पिता तिलकराम गौलिया के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया था। न्यायालय ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2), सहपठित धारा 3(5) के अंतर्गत आरोपी को तीन वर्ष के कठोर कारावास एवं एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। इसके साथ ही खान और खनिज विकास और विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 4(1), 4(1क) एवं 21 के अंतर्गत 25 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। खनिज विभाग के अनुसार इस कार्रवाई से अवैध उत्खनन और परिवहन में संलिप्त लोगों को हतोत्साहित करने तथा खनिज संपदा के संरक्षण में मदद मिलेगी। न्यायालय से अवैध रेत परिवहन मामले में निर्णय आने के बाद अवैध परिवहनकर्ता सकते में आ गए हैं।

निजीकरण के विरोध में बिजलीकर्मी करेंगे आंदोलन

बिलासपुर। बिजली कंपनियों के निजीकरण और निजी कंपनियों को समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस देने के विरोध में बिजली अधिकारियों, कर्मचारियों, अभियंताओं, पेंशनर्स और श्रमिक संगठनों ने राज्यव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है। बिजली कर्मचारी एवं अधिकारी एकता मंच के तहत आपात बैठक शुक्रवार को बुलाई गई।

बैठक में सेवानिवृत्त अभियंता पीएन सिंह ने कहा कि बिजली मुनाफा कमाने की वस्तु नहीं बल्कि अनिवार्य जनसेवा है। यदि औद्योगिक और शहरी क्षेत्रों का वितरण निजी कंपनियों को सौंपा गया, तो इसका असर आम उपभोक्ताओं, किसानों और गरीब परिवारों पर पड़ेगा। निजी कंपनियों को मिलने से सार्वजनिक वितरण



कंपनी की आर्थिक स्थिति प्रभावित होगी। इससे कृषि पंपों, हाफ बिजली बिल योजना और बीपीएल उपभोक्ताओं को मिलने वाली राहत पर भी असर पड़ेगा।

इस दौरान अनिल व्यास, डॉ. टीए सिंह, गणेश जायसवाल, संजीव केशकर, बीबी जायसवाल, नरेंद्र सिंह ठाकुर, महेश श्रीवास, ओमप्रकाश सूर्यवंशी, वेदराम निर्मलकर, श्रीकांत सिंह ठाकुर, कोमल प्रसाद देवांगन, रामलाल सूर्यवंशी, मनीष कुमार क्षत्री और एजे सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

बुक किया गया पार्सल नहीं मिला, उपभोक्ता फोरम ने रेलवे पर लगाया 30 हजार का जुर्माना

बिलासपुर। जिला उपभोक्ता फोरम ने रेल मार्ग से बुक किए गए समान नहीं मिलने को सेवा में कमी माना है। इसके साथ रेलवे को आदेश प्राप्त होने के 45 दिवस के अंदर परिवादी को सामान की कीमत 5 हजार, 20 हजार रूप प्रतिकर एवं 5 हजार रूपए वाद व्यय सहित कुल 30 हजार रुपए भुगतान करने का आदेश दिया है।



आवेदक रामा लाईफ सिटी सकरी निवासी मलय श्रीवास्तव का कर्मचारी हरीश कुमार ने 29 जून 2024 को तीन बड़े साईज के सूटकेस हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से बिलासपुर के लिए बुक किया था। समान बुक होने के दो दिन बाद 2 जुलाई 2024 को उनके मोबाइल में रेलवे पार्सल कार्यालय से मैसेज प्राप्त हुआ कि उनका पार्सल निजामुद्दीन-दुर्ग संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में चढ़ा दिया गया है। जब वे 7 जुलाई 2024 को पार्सल प्राप्त करने बिलासपुर स्टेशन गए, तो उन्हें पार्सल यहां नहीं आने की जानकारी मिली। उन्होंने मामले की मुख्य रेलवे प्रबंधक, वाणिज्य विभाग के अधिकारियों से शिकायत की। इसके अलावा 139 में भी शिकायत दर्ज कराई गई। इन सबके बावजूद पार्सल प्राप्त नहीं होने पर उन्होंने उत्तर रेलवे सहित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को पक्षकार बनाते हुए जिला उपभोक्ता फोरम में परिवाद प्रस्तुत कर सेवा में कमी के आधार पर क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की मांग की। परिवाद में जिला उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष आनंद कुमार सिंघल, सदस्य पूर्णिमा सिंह एवं आलोक कुमार पांडेय ने प्रारंभिक सुनवाई उपरांत रेलवे को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। रेलवे की ओर से अधिवक्ता ने जवाब प्रस्तुत कर मामले की सुनवाई के अधिकार क्षेत्र पर आपत्ति करते हुए कहा कि मामले की रेलवे दावा अधिकरण को सुनवाई का अधिकार है। इसके अलावा आवेदक ने माल बुक कराने वाले हरीश कुमार को आवेदक नहीं बनाया है। फोरम ने रेलवे की आपत्ति को निरस्त करते हुए बुक पार्सल नहीं मिलने को रेलवे की सेवा में कमी माना है। इसके साथ फोरम ने बुक हुए पार्सल की कीमत 5 हजार आंके जाने के कारण रेलवे को उक्त राशि आदेश प्राप्त होने के 45 दिवस के अंदर 9 फीसदी ब्याज सहित देने तथा 20 हजार रुपए मानसिक अभित्रास प्रतिकर, 5 हजार रुपए वाद व्यय सहित कुल 30 हजार रुपए देने का आदेश दिया है।

खनिज का अवैध उत्खनन परिवहन करते 7 हाइवा व 3 ट्रैक्टर जब्त

बिलासपुर। खनिजों का अवैध उत्खनन और परिवहन करने वाले 7 हाइवा और 3 ट्रैक्टर ट्राली वाहन को जब्त किया गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं उप संचालक के मार्गदर्शन में खनिज अमला द्वारा 12 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक रतनपुर, कोटा, खोलिपारा, तुरकाडीह, सेंदरी, कोनी, कच्छार, लमेर, निरतु, सकरी, लालखदान, मस्तूरी, लावर का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान ग्राम खोलिपारा अंतर्गत खनिज रेत का अवैध उत्खनन परिवहन करते पाए जाने पर 2 ट्रैक्टर, ग्राम लमेर से खनिज रेत का अवैध उत्खनन परिवहन करते 1 ट्रैक्टर, लालखदान क्षेत्र से खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते 2 हाइवा, ग्राम सैदा के पास खनिज चुना पत्थर डस्ट का अवैध



परिवहन करते 1 हाइवा, लावर क्षेत्र से खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते 3 हाइवा व खनिज रेत का परिवहन करते 1 हाइवा वाहन पाया गया। अवैध परिवहन करते पाए गए कुल 10 वाहनों को खनिज नियमों के तहत जब्त कर पुलिस थाना कोनी, कोटा व खनिज जांच चौकी लावर की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, खनिज विभाग द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

आरक्षण विवाद सुलझाने की मांग

अभ्यर्थियों ने काले झंडे लेकर निकाली रैली, सरकार को सद्बुध्दि देने किया यज्ञ

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में शिक्षक भर्ती और सीजीपीएसकी को लेकर अभ्यर्थियों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। भर्ती प्रक्रिया और परीक्षा को लेकर बनी अनिश्चितता के विरोध में अभ्यर्थियों ने काले झंडे लेकर रैली निकाली। गांधी चौक से नेहरू चौक तक निकाले गए मार्च के दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। साथ ही सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए यज्ञ भी किया।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद परीक्षा पर रोक लगने से लंबे समय से तैयारी कर रहे युवाओं की चिंता बढ़ गई है। अभ्यर्थी चाहते हैं कि विवाद सुलझाकर भर्ती प्रक्रिया फिर से शुरू की जाए, ताकि उन्हें परीक्षा और नियुक्ति को लेकर स्पष्ट जानकारी मिल सके। अभ्यर्थियों की मुख्य मांग है कि सहायक शिक्षक और शिक्षक भर्ती में आरक्षण को लेकर चल रहे विवाद का जल्द समाधान किया जाए। प्रदर्शन में सीजीपीएससी - 2025 के अभ्यर्थियों ने भी परीक्षा प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने परीक्षा में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और तय समय पर परीक्षा कराने की मांग की। अभ्यर्थियों का कहना है कि प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होने से युवाओं को अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है और उन पर मानसिक दबाव बढ़ रहा है। अभ्यर्थियों ने सरकार से शिक्षक भर्ती में आरक्षण विवाद का जल्द निराकरण करने, पीएससी 2025 की स्थिति स्पष्ट करने और दोनों प्रक्रियाओं को लेकर आगे की कार्रवाई की जानकारी देने की मांग की।

- शिक्षक भर्ती और सीजीपीएससी पर रोक से भड़के युवा

नाराज अभ्यर्थियों ने निकाला कैंडल-मार्च

ध्यान रहे कि इससे पहले रविवार की रात अभ्यर्थियों ने गांधी चौक पर कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया था। शुक्रवार को भी युवाओं ने परीक्षा प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जल्द नई तारीख घोषित करने की मांग की। उनका कहना है कि भर्ती और परीक्षा प्रक्रिया में लगातार हो रही देरी से युवाओं की मेहनत और भविष्य पर असर पड़ रहा है। कई प्रतियोगियों ने तो राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए परीक्षा की प्रक्रिया में जान बुझकर गड़बड़ी करने और लेट-लतीफी करने का आरोप लगाया।



हरिभूमि

बिलासपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



रास डांडिया में झूमे श्रद्धालु।

तीन दिवसीय दुर्गा पूजा का उत्सव प्रारंभ, देर रात तक भक्त करेंगे प्रतिमाओं के दर्शन



नवीन दुर्गा उत्सव समिति तेलीपारा।



मध्यनगरी दुर्गा उत्सव समिति ।



विशाल दुर्गा उत्सव समिति 27 खोली।



जय मां महामाया दुर्गा उत्सव समिति।



सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति किलावार्ड।



सोनगंगा कालोनी दुर्गा उत्सव समिति।



श्रद्धा दुर्गा उत्सव समिति बंधवापारा।



गौरी गणेश दुर्गा उत्सव समिति जबड़ापारा।

शारदीय नवरात्रि का तीन दिवसीय दुर्गा पूजा का उत्सव शनिवार से प्रारंभ हो रहा है,सप्तमी से दशहरा तक माता की पूजा विधी-विधान से की जाएगी। शुक्रवार को शहर के कई दुर्गा पंडालों में माता की विधिवत पूजा कर स्थापना की गई। स्थापना पूजा का क्रम देर रात्रि तक चलता रहा।

पंडालों में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़, आकर्षक सजावट और भव्य प्रतिमाओं के दर्शन को लेकर भक्तों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई है। शहर के दुर्गा पूजा पंडालों में आकर्षक साज-सज्जा के बीच मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। पूजा-अर्चना के साथ पंडालों में धार्मिक उत्सव का माहौल बना हुआ है। श्रद्धालु देर रात तक पंडालों में पहुंचकर मां के दर्शन करेंगे और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। ,दुर्गा पूजा को लेकर शहर में कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं।

समितियों ने पंडालों को आकर्षक रूप देने के साथ लाईटिंग, सजावट और प्रतिमाओं की स्थापना की विशेष व्यवस्था की है। कहीं पारंपरिक शैली में मां का दरबार सजाया गया है, तो कहीं आकर्षक कलाकृतियों और अनूठी सजावट के माध्यम से श्रद्धालुओं को आकर्षित करने का प्रयास किया गया है। शाम होते ही पंडालों की रोशनी देखते ही बन रही है।



वक्रतुंड दुर्गात्सव समिति राघवेन्द्र राव परिसर।

सजावट बनी आकर्षण का केंद्र

शहर के दुर्गा पूजा पंडालों में इस बार भी आकर्षक सजावट और भव्य प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाते पंडालों में मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचेंगे। दुर्गा पूजा का यह उत्सव धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक मेल-मिलाप का भी अवसर है। तीन दिनों तक शहर में भक्तिमय माहौल बना रहेगा और मां के जयकारों से पूजा पंडाल गूंजते रहेंगे। तीन दिवसीय उत्सव के दौरान शाम से ही पंडालों में भक्तों की भीड़ जुटने लगेगी। श्रद्धालु अलग-अलग पूजा स्थलों पर पहुंचकर मां दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शन करेंगे। पंडालों में पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजनों के बीच देर रात तक उत्सव की रौनक बनी रहेगी।

फिल्म अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर के साथ रास डांडिया में झूमा शहर

फाउंडेशन एकेडमी में रास डांडिया का समापन



नवरात्रि पर्व पर भाटिया फ्यूल्स एवं बिल्डर के द्वारा आयोजित रास डांडिया में आखिरी दिन मशहूर फिल्म अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर के साथ पूरे शहर ने डांडिया खेला। जमकर झूमे। उर्मिला मातोंडकर ने बिलासपुर की तारीफ करते हुए कहा की फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में नवरात्रि पर्व पर डांडिया के आयोजन में इतनी भीड़ देखकर लग रहा है कि पूरा शहर इस मंच पर सिमट गया है। आयोजन समिति के प्रमुख प्रिंस भाटिया की तारीफ की। फिल्म अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने पुलिस प्रशासन के साइबर क्राइम अपराध को रोकने के पहल की तारीफ की। शहर के महिलाओं बच्चों युवाओं ने गरबा के गीतों में उर्मिला के साथ जमकर नृत्य किया। माताराणी की महाआरती के साथ रास डांडिया का शुभारंभ हुआ। रास डांडिया के समापन अवसर पर तखतपुर के विधायक धर्मजीत सिंह,अकलतरा के विधायक राघवेंद्र सिंह,बेलतरा विधानसभा के विधायक सुशांत शुक्ला,राज्य अक्षय ऊर्जा विकास निगम के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी,समाजसेवी अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर, पूर्व विधायक राजू क्षत्रिय, शैलेश पांडे, चंद्र प्रकाश बाजपेई,रामदेव कुमावत, विजय केसरवानी, अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव, डॉ महेंद्र सामल, डॉ ललित माखीजा, आलोक सिंह ठाकुर, डॉ प्रमोद महाजन, डॉ ओम माखीजा,सीमा पांडे एवं त्रिलोक श्रीवास,भरत कश्यप, अभिषेक सिन्हा शामिल हुए।



2016 में जो मेरे साथ थे आज भी मंच पर मौजूद

इस अवसर पर प्रिंस भाटिया ने डांडिया के मंच पर अतिथियों तथा शहर वासियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि लगातार 10 वर्षों से फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में नवरात्रि पर्व पर सभी के सहयोग से रास डांडिया का आयोजन संभव हो सका। उन्होंने कहा है कि तो 10 साल पहले 2016 में मेरे साथ इस मंच पर मौजूद थे आज भी मेरे साथ है और आगे भी रहेंगे, उन्होंने इस आयोजन में सभी से सहयोग की अपेक्षा की है।

प्रतिभागियों तथा बच्चों को बांटे पुरस्कार

रात डांडिया के आयोजन में तीन दिन तक लगातार सर्वश्रेष्ठ गरबा करने वाली टीम, गरबा करने वाले अनुशासित टीम एकल, सामूहिक नृत्य और बेहतर वेशभूषा, आकर्षक दिखने वाले युवाओं तथा महिलाओं को भी डांडिया के मंच पर सम्मानित किया गया। छोटे बच्चों को समिति के द्वारा गिफ्ट भी प्रदान किया गया। रास डांडिया के आयोजन में छोटे बच्चों के लिए फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में मनोरंजन के लिए झूले भी लगाए गए हैं जहां बच्चे इसका आनंद ले रहे हैं।

लकड़ी की काठी-काठी का घोड़ा' गीत पर उर्मिला मातोंडकर ने बांधा समां

रास डांडिया के रंगारंग आयोजन में मशहूर फिल्म अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने अपनी शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया। उन्होंने लोकप्रिय फिल्म मासूम के सदाबहार बाल गीत 'लकड़ी की काठी-काठी का घोड़ा' गाकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। गीत के बजते ही कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों के चेहरे खिल उठे और पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उन्होंने अपने गीत-संगीत से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पुराने दौर के इस लोकप्रिय गीत ने लोगों को बचपन की यादें ताजा करा दीं। गीत की धुन पर लोग थिरकते नजर आए और पूरा माहौल उत्साह व उमंग से भर गया। रास डांडिया के आयोजन में संगीत, नृत्य और मनोरंजन का अनूठा संगम देखने को मिला।

अज्ञेय नगर में डांडिया की धूम



शारदीय नवरात्रि के पांचवें दिन अज्ञेय नगर में डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। महिला-युवतियों ने भक्ति संगीत पर डांडिया नृत्य का जलवा बिखेरा। कार्यक्रम में देर रात तक भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। महादेव गरबा ग्रुप की महिलाओं द्वारा भव्य गरबा का आयोजन किया गया।

माँ कालरात्रि की आराधना से प्राप्त होती है भय से मुक्ति

सुभाष चौक सरकंडा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में शारदीय नवरात्र महोत्सव तक श्रद्धा एवं वैदिक परंपराओं के अनुरूप मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मंदिर में 125 मनोकामना घृत ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए। नवरात्र के पावन पर्व पर छठवें दिन कात्यायनी देवी के रूप में माँ बगलामुखी देवी का पूजन किया गया। प्रतिदिन श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, श्री महाकाली, महालक्ष्मी एवं महासरस्वती देवी का श्रीसूक्त एवं षोडश मंत्रों द्वारा दूधधारा सहित अभिषेक तथा भगवान श्रीरामचंद्र जी एवं श्री सिद्धिविनायक गणेश जी का पूजन-श्रृंगार किया जा रहा हैं। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने बताया कि शारदीय नवरात्र के सातवे दिन माँ दुर्गा के सप्तम स्वरूप कालरात्रि के रूप में मां श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन किया जाएगा।



सागर होम्स एवं नेचर सिटी में नृत्य व संगीत



एडप्रयास एडवरटाइजर्स द्वारा सागर होम्स फेस 1 एवं 2, नेचर सिटी में आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सागर होम्स फेज-1 की आयोजन समिति के संरक्षक पी के त्रिवेदी, महिला मंडल की सविता श्रीवास्तव एवं एडप्रयास एडवरटाइजर्स की ममता पांडे द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

तीन दिवसीय चंडी होम वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजा आश्रम



आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर से पेंडारी, कोटा रोड स्थित आश्रम में तीन दिवसीय चंडी होम का आयोजन किया जा रहा है। गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की प्रेरणा और आशीर्वाद से आयोजित इस अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देवी आराधना की जा रही है। चंडी होम के संचालन के लिए बेंगलुरु आश्रम से स्वामी धर्मानंद जी बिलासपुर पहुंचे हैं।

चौकसे कॉलेज में गरबा महोत्सव



चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेज में भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ आशीष जायसवाल ने कहा कि गरबा केवल एक नृत्य नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति आस्था परंपरा और सामूहिक एकता का प्रतीक है। मां दुर्गा का यह पर्व आपसी सद्भाव का संचार करता है। छात्राओं ने पारंपरिक गरबा के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना की।

महर्षि विद्या मंदिर में मनाई गई गरबा नाइट



महर्षि विद्या मंदिर नवरात्रि के पावन अवसर पर देवी मंडल के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भव्य "नवरात्रि गरबा नाइट" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कविता पुजारा, डायटीशियन एवं डायट क्लिनिक की निदेशक, विशिष्ट अतिथि डॉ उषा किरण बाजपेयी, प्रेसिडेंट, नारी शक्ति बिलासपुर तथा विशेष अतिथि नीता तिवारी उपस्थित रहीं।

खबर संक्षेप

मां कात्यायनी के रूप में हुई डिडनेश्वरी देवी की पूजा



मल्हार। शारदीय क्वार नवरात्र के छठे दिन शुक्रवार को मां डीडीनेश्वरी देवी की पूजा अर्चना मां कात्यायनी के रूप में हुई, दूर दूर से हजारों श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में मत्था टेका एवं श्रीफल पुष्प सुहाग सामग्री के साथ मिठाई एवं फल अर्पित किए। मंदिर के पुजारी कमल अवस्थी ने बताया कि प्रतिदिन होने वाले सुबह शोडशोपचार पूजन की तरह ही विधि पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कराया गया जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इसके अलावा पंडित नरेश पाण्डेय भी अन्य सभी नवरात्र अनुष्ठान सम्पन्न करा रहे है, वही मंदिर परिसर में श्रीमद देवी भागवत महापुराण का संगीतमय कथा आचार्य संतोष वैष्णव भक्तों को सुना रहे हैं।

विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में किया गरबा-डांडिया



तखतपुर। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर अपेक्स स्कूल में गरबा-डांडिया कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उत्सव में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं लोककला से परिचित कराना तथा उनमें सांस्कृतिक मूल्यों, आपसी सहयोग और सामूहिक सहभागिता की भावना विकसित करना था। रंग-बिरंगी पोशाकों में सजे विद्यार्थियों ने पारंपरिक गरबा और डांडिया की धुनों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और भारतीय संस्कृति से जुड़ने का अवसर प्रदान किया। अपेक्स स्कूल, आयोजित गरबा-डांडिया कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, उत्साह और सामूहिकता की भावना को प्रोत्साहित करता है।

सच्चे मन से मांगी हुई हर कामना होती है पूरी- त्रिलोक



बिलासपुर। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लगरा में आयोजन समिति एवं ग्राम पंचायत के द्वारा गुड्डी चौक राधा कृष्ण मंदिर के पास जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय समन्वयक, त्रिलोक चन्द्र श्रीवास साथियो सहित सम्मिलित हुए। इस अवसर पर त्रिलोक श्रीवास ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सच्चे और अच्छे मन से मांगी हुई समस्त मनोकामना माता रानी पूर्ण करती है। इस अवसर पर आयोजन समिति के द्वारा त्रिलोक श्रीवास उनके साथ गए कांग्रेस नेता मोहन जायसवाल, मुकेश अग्रवाल, चरण सिंह, राज शुभम श्रीवास का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि मुखराम बिरजे उप सरपंच ओमप्रकाश श्रीवास, राजेंद्र साहू, कृष्ण केवट, संजय साहू, लोकेश श्रीवास, लक्ष्मी यादव, विष्णु साहू, अशोक साहू, तीज राम साहू सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, मन्नादाई मंदिर में लगा स्वास्थ्य शिविर

सोंठी में 827 ज्योति कलश से जगमगाया मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत



जिले से लगभग 35 किलोमीटर दूर कोरबा सीमा को छूता हुआ वनाच्छादित ग्राम सोंठी में बगलामुखी मां मन्नादाई का भव्य मंदिर स्थित है। ग्रामीण मान्यता के अनुसार मां मन्नादाई की आदिकालीन मूर्ति लगभग 400 वर्ष पुरानी स्वयं प्रकाट्य है, जिसे सोंठी पहाड़ से धामा धुर्वा नामक गोंड बैगा के द्वारा अपने कंधे पर लाकर ग्राम में स्थापित किया गया था।

प्रारंभ में यह मंदिर एक छोटी सी कुटिया के रूप में था जिसे 2022 में ग्राम वासियों के द्वारा चंदा एवं श्रमदान के द्वारा भव्य मंदिर, ज्योति कक्ष एवं तीन एकड़ में विशाल आहाता का निर्माण किया गया है। पूर्व में मंदिर के बारे में क्षेत्र के लोगों को अधिक जानकारी नहीं थी किंतु नवनिर्मित भव्य मंदिर की स्थापना के साथ ही मंदिर की ख्याति धीरे-धीरे बिलासपुर जिले में साथ ही कोरबा, चांपा-जांजगीर, सक्ति, मुंगेली जिले में भी फैल चुकी है। 2022 में जब मंदिर के निर्माण हुआ तो केवल 60 ज्योति कलश जलाए गए थे ,जो कि इस वर्ष बढ़कर 14 घृत ज्योति एवं 813 तेल ज्योति के साथ कुल 827 ज्योति कलश से मंदिर का ज्योति कक्षा जगमगा रहा है। मंदिर का संचालन समस्त ग्राम वासियों के द्वारा पंजीकृत समिति मां मन्नादाई सेवा समिति के द्वारा किया जा रहा है।

बिलासपुर जिले के पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं वर्तमान में जांजगीर जिला में समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक रामेश्वर जायसवाल के मार्गदर्शन में समस्त ग्रामवासी पूरे श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मंदिर में सेवा कार्य में लगे हुए हैं। समिति के अध्यक्ष रामेश्वर ने बताया किया यह मंदिर अंधविश्वास से पूर्णतया मुक्त है।

पूर्व में यहां बलि प्रथा थी परंतु 2022 से बली प्रथा एवं शराब पीकर मंदिर परिसर में प्रवेश पूर्णत : निषिद्ध है। साथ ही इस मंदिर में छुआछूत की भी भावना नहीं है और समाज के सभी वर्ग के लोग सेवा करते हैं तथा नवरात्रि के अंतिम दिवस एक साथ भोजन बनाकर के भंडारा का आयोजन किया जाता हैं। यह मंदिर न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि पर्यावरण संचेतना का भी प्रमुख केंद्र बिंदु है 3 एकड़ में फैले विशाल परिसर में माता की बगिया लगाई गई है जहां पर औषधि एवं अन्य फूल युक्त पौधे लगे हुए हैं। समय-समय पर मंदिर में अन्य सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। शारदीय नवरात्रि में बगलामुखी मां मन्नादाई की पूजा के साथ ही भव्य दुर्गा प्रतिमा भी स्थापित की गई है ।

सातवें दिन महामाया के चरणों में अर्पित होगी पावन ध्वजा



बिलासपुर। ध्वजा यात्रा के सातवे दिन का समापन कल होगा। यात्रा रानीगांव से प्रारंभ होकर मदनपुर और सिंघरी चौक होते हुए भैरव बाबा मंदिर तथा सिद्धि विनायक मंदिर पहुंचेगी। इसके पश्चात श्रद्धालु रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर प्रांगण में विधि-विधान एवं श्रद्धाभाव के साथ पावन ध्वजा अर्पित करेंगे। महामाया के जयकारों के बीच ध्वजा अर्पण के साथ इस सात दिवसीय धार्मिक यात्रा का भव्य समापन होगा। विधायक सुशांत शुक्ला के नेतृत्व में बेलतरा विधानसभा क्षेत्र की लगभग 48 ग्राम पंचायतों से होकर गुजरी यह यात्रा धार्मिक आयोजन से आगे बढ़कर सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता, जनएकता और आपसी सद्भाव का प्रेरणादायी प्रतीक बनी है। गांव-गांव में ग्रामीणों, मातृशक्ति, युवाओं और धर्मप्रेमियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने इसे जनआस्था का महापर्व बना दिया है। सात दिनों तक गांव-गांव में मां महामाया के जयकारे गूंजे। अब रतनपुर में पावन ध्वजा अर्पण के साथ श्रद्धा की यह यात्रा पूर्ण होगी।

ग्राम मसनी में संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत कथा

तखतपुर। संगीतमय श्रीमद देवी भागवत कथा का आयोजन ग्राम मसनी में आयोजित की गई। जिसमें कथा वाचिका लक्ष्मी देवी साहू ने वृत्तासुर संहार, सती द्वारा देवी आराधना, हरिशचंद्र कथा, घृतराष्ट्र, पांडु, विदूर जन्म कथा को विस्तार पूर्वक समझाया। इस अवसर पर भागीरथी साहू, चमेली साहू, परमेश्वर कश्यप, मनोज साहू, देवा साहू, योू, संतोष साहू, रामाकांत साहू, विद्यानंद चंद्राकर, चंदूराम साहू, वेदांत कयश्प, नरेंद्र साहू, पिल्लूराम साहू, भानूराम कश्यप, अम्बा साहू अनिरूद्ध कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे।

मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम घोषित

मुंगेली। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के लिए तिथि–वार विस्तृत कार्यक्रम घोषित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग द्वारा जारी पत्र के अनुसार मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया निर्धारित समय–सीमा के भीतर पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 12 नवंबर को किया जाएगा। इस दौरान नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने तथा सूची में दर्ज त्रुटियों के सुधार के लिए दावे एवं आपत्तियां 11 दिसंबर तक प्रस्तुत की जा सकेंगी।

भैरव बाबा के दरबार में विशेष हवन, जनकल्याण के लिए दी जा रहीं आहुतियां



बिलासपुर। मां महामाया की नगरी रतनपुर में नवरात्र की रातें भक्ति और साधना में गुजर रही हैं। दिनभर मां महामाया के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है, तो रात के सन्नाटे में भगवान भैरव बाबा के दरबार में मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजा-अर्चना और हवन किया जा रहा है। हवन कुंड में पड़ती आहुतियों के साथ जनकल्याण और लोकमंगल की कामना की जा रही है। मंदिर के महंत पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि नवरात्र के पावन अवसर पर भगवान भैरव बाबा के दरबार में विशेष पूजा-अर्चना और हवन किया जा रहा है। धार्मिक विधि-विधान से संपन्न होने वाले इस अनुष्ठान में सभी के सुख, शांति और कल्याण की कामना की जाती है। रतनपुर में भगवान भैरव बाबा को नगर कोतवाल के रूप में मान्यता प्राप्त है। मां महामाया के दर्शन के लिए पहुंचने वाले अनेक श्रद्धालु भैरव बाबा के दरबार में भी मत्था टेकते हैं। नवरात्र के दौरान मंदिर में होने वाली विशेष पूजा-अर्चना से नगरी का धार्मिक वातावरण और भक्तिमय हो उठा है। आधी रात को होने वाले हवन और पूजा-अर्चना के माध्यम से जनकल्याण की कामना की जा रही है।

बूढ़ादेव किला से निकाली यात्रा, महामाया के दरबार में की पूजा- अर्चना



तखतपुर। जय आदिवासी जन कल्याण समिति द्वारा ग्राम विजयपुर में गाजे-बाजे के साथ बूढ़ादेव किला से यात्रा प्रारंभ कर ग्राम विजयपुर का भ्रमण किया गया। इसके बाद माँ महामाया माता के दरबार में सेवा-अर्जी अर्पित कर पंचमी भेंट चढ़ाई गई एवं माता को चुनरी अर्पित कर सम्पूर्ण भू-भाग की सुख-समृद्धि, खुशहाली, शांति और जनकल्याण की मंगलकामना की। माँ महामाया दाई से प्रार्थना है कि सम्पूर्ण मानव समाज पर अपनी कृपा बनाए रखें तथा सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली प्रदान करें। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के पी आर ध्रुव, कुंवर सिंह मार्को, नितिन प्रधान, लव सिदार, बबलू मरकाम, दादू सिंह नेटी, मनीषा नेताम, पूजा ध्रुव, किरण खुसरो, अनीता पोर्ते, रीना खुशरो, राम मरावी, दिलेश्वर मरावी, दिल्हरण, शिव सिंह ध्रुव, जलस मरावी, महेश ध्रुव, जगदीश मरकाम, समारु ध्रुव, कुंज बिहारी मरकाम, राम ध्रुव, विजय मरावी एवं समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

निधन

तेजराम जायसवाल



तखतपुर। ग्राम बरतोरी, बिल्हा निवासी तेजराम जायसवाल का 70 वर्ष की आयु में 16 अक्टूबर को निधन हो गया। वे लक्ष्मी जायसवाल के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बरतोरी में किया गया।

बीआर ग्राउंड में गरबा की गूंज का आगाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नवरात्रि के पावन अवसर पर यूथ ब्रिगेड ग्रुप मुंगेली द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'गरबा की गूंज' महोत्सव का प्रथम दिवस बी आर साव ग्राउंड में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। गरबा एवं डांडिया की आकर्षक प्रस्तुतियों और भक्तिमय वातावरण ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, आरआई नरगिस तिग्गा, बोगी बारमते एवं नितेश परिहार अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को बढ़ावा देने में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका बताई। महोत्सव के सफल आयोजन में टीम यूथ ब्रिगेड के सदस्यों करण ठाकुर, ऋतुराज सिंह, सुधांशु सिंह परिहार, वासु पांडेय, प्रद्युम्न सिंह, अंशु सिंह, अविरल सिंह, वासु सिंह, आयुष केसवानी, राजू साहू, अरविंद सोनी, अभिषेक सिंह, हितेश केसवानी, रवि देवांगन, अमित पटेल, जयचंद सिंह, योगेश मिश्रा एवं व्यास सिंह सहित समस्त सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

प्राथमिक शाला पथर्रा में कन्या भोज किसान मोर्चा अध्यक्ष दिनेश हुए शामिल



तखतपुर। शारदीय नवरात्रि के पावन षष्ठी पर्व के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला पथर्रा, विकासखंड तखतपुर में आयोजित कन्या भोज एवं सम्मान समारोह में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिनेश राजपूत विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। उन्होंने कन्याओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए सभी के सुख, समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

इस अवसर पर दिनेश राजपूत ने कहा कि नवरात्रि शक्ति की आराधना, भक्ति और सनातन संस्कृति के गौरव का पावन पर्व है। भारतीय परंपरा में कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन एवं सम्मान करना नारी शक्ति के प्रति हमारी श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक है। कन्या भोज जैसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ समाज में सेवा, सद्भाव और संस्कारों की भावना को भी प्रबल करते हैं।

कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रधान पाठक सुनील कौशिक, चंद्रशेखर कौशिक, रामधन उजागर, सरोज सिदार, दिनेश कुमार साहू, विपुल कुमार गुप्ता, एमसी नागेश्वर गोस्वामी, हेमलता, सोमिन, पूजा, सुकृत, माधुरी, लीलाबाई, संतोषी, मीना, राजेश्वरी, प्रमोद गोस्वामी, पायलट एवं विनोद श्रीवास सहित अन्य उपस्थित रहे।



न्यायालय नायब तहसीलदार-2 एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक /Q/ना.तह./वा/2026
बिलासपुर दिनांक 06/10/2026

ग्राम जरहाभाठा के सर्व साधारण/ आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जरहाभाठा प.ह.नं. 38 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 97/10 रकबा 0.016 हे. एकड़ भूमि की नामांतरण/ फौती नामांतरण/ वसीयत/ दान के लिए श्री हेमेन्द्र दीक्षित आ. स्व.रिखीराम दीक्षित निवासी सेवार सेवारी द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 21/10/26 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 06/10/26 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार-2 एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक /Q/ना.तह./वा/2026
बिलासपुर दिनांक 06/10/2026

ग्राम जरहाभाठा के सर्व साधारण/ आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जरहाभाठा प.ह.नं. 38 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं.78/10 रकबा 0.028 हे. एकड़ भूमि की नामांतरण/ फौती नामांतरण/ वसीयत/ दान के लिए श्री वर्तिका गौराहा आ. गौरव गौराहा निवासी जरहाभाठा द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 21/10/26 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 06/10/26 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)
-: विवाह सूचना का प्रकाशन:-
क्रमांक क/126/वाचक/अति-कले./2026
बिलासपुर, दिनांक 08.10.2026

आवेदक श्री विशाल सिंह आत्मज श्री सपन सिंह ठाकुर उम्र 35 वर्ष निवासी हाउस नंबर 64, सूर्या चौक सीपत रोड सरकंडा थाना सरकंडा जिला बिलासपुर छ.ग. एवं आवेदिका कुमारी देव्यांशी चक्रवर्ती आत्मजा श्री मानब कुमार चक्रवर्ती उम्र 28 वर्ष निवासी सी-39 इंद्रा विहार कालोनी सीपत रोड सरकंडा, थाना सरकंडा, जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 09.11.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


विशाल सिंह


देव्यांशी चक्रवर्ती

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

कार्यालय, राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
सूचना
क्रमांक /Q/ सीमांकन/रा.नि./2006
बिलासपुर, दिनांक-12/10/2026
आवेदक.. मनीष दीक्षित पिता स्व. जगदीश प्रसाद दीक्षित

आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1.गोकुल 2.रंजन दत्ता 3. अनिल शर्मा 4. मनराखन 5. सिद्धी देवी 6.संत कुमार सा. मोपका, 7. परिवेश दीक्षित सा. गोल बाजार बिलासपुर 8.नारायण प्रसाद पिता बेनीराम 9. शिल्पा शर्मा पति स्वपनिल शर्मा सा. मंगला 10.प्रकाश गुप्ता पिता हेमप्रकाश, विनोबा नगर बिलासपुर एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।

विषयः सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भः न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक/Q/तह./अति.तह./ना.तह./वा./2026 बिलासपुर दिनांक 08/10/2026

ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 554 रकबा 0.304 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक मनीष दीक्षित निवासी सिटी कोतवाली चौक गोल बाजार के द्वारा छ.ग.भू. राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है। संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में गठित दल के द्वारा उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 26/10/26 को समय 10:00 बजे से 05:00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें। एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। मिसल अधिकार अभिलेख संशोधित पंजी.बी.I. पी.II. के साथ मौके पर उपस्थित होंवे।

राजस्व निरीक्षक
मोपका (छ.ग.)

खबर संक्षेप

एसईसीएल मैनेजर के सूने मकान में चोरी

बिलासपुर। सरकंडा क्षेत्र के राजकिशोर नगर स्थित परिजात कालोनी में चोरों ने एसईसीएल के असिस्टेंट मैनेजर के सूने मकान पर धावा बोला और कमरों के ताले तोड़कर कांसे-पीतल के बर्तन, चांदी के बर्तन और जेवर समेत गैस सिलेंडर ले भागे। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 25 हजार रुपये बताई गई है। राजकिशोर नगर में रहने वाले अवनींद्र प्रसाद गुप्ता एसईसीएल दीपका में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर पदस्थ हैं। उनका पुराना मकान परिजात कालोनी, राजकिशोर नगर में है, जहां वर्तमान में कोई नहीं रहता। वह 9 जून को शाम चार बजे मकान में ताला लगाकर अपने वर्तमान निवास कोरबा चले गए थे। इसके बाद 13 अक्टूबर को सुबह करीब 10:30 बजे जब वह मकान पहुंचे और ताला खोलकर अंदर गए, तो कमरों के दरवाजों के ताले टूटे मिले। घर का सामान बिखरा हुआ था। मकान से तीन कांसे की बड़ी परात, दो पीतल के कलश, पांच लोटे, छह कांसे की थालियां, चार चांदी की थालियां, चार कटोरियां, छह गिलास, आठ चांदी की बिछिया, 20 चांदी के सिक्के और दो गैस सिलेंडर गायब मिले। चोरों ने 9 जून से 13 अक्टूबर के बीच वारदात को अंजाम दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

8 किलो गांजा के साथ एक आरोपी पकड़ा गया

बिलासपुर। पुलिस द्वारा लगातार नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रतनपुर पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 8 किलो से अधिक का गांजा पुलिस ने बरामद किया है। मामले के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि 15 अक्टूबर को जाली गांव के भवंर सिंह नेताम अपने चाचा के घर में भारी मात्रा में अवैध रूप से गॉजा रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर रतनपुर पुलिस व एसीसीयू की संयुक्त टीम द्वारा रेड कार्रवाई की, जहां 8.185 किलोग गाँजा बरामद किया गया जिसकी कीमत 4 लाख 9 हजार रूपये आंकी गई है। पुलिस ने संवरापारा जाली गांव निवासी आरोपी भंवर सिंह नेताम पिता पंचराम नेताम उम्र 45 वर्ष को गिरफ्तार कर उक्त गांजे को जब्त कर लिया है।

मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। रेलवे स्टेशन में हुड़दंग और मारपीट करने वाले आरोपियों को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया है। जीआरपी के अनुसार कपिल सिंह पिता रविन्द्र सिंह 26 साल रेलवे स्टेशन में वेंडर का काम करता है। वह प्लेटफार्म नम्बर एक के केंटीन से भोजन लेकर प्लेटफार्म नम्बर 2 पर खड़ी 03254 के लिए जा रहा था। इस दौरान रंजीत और जलसिंग उर्फ राणा ने उसे रोककर शराब पीने के लिए 300 रुपए मांगा। कपिल सिंह के नहीं देने पर दोनों ने मिलकर उसके साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया। शिकायत पर जुर्म दर्ज किया है। रंजीत सिंह और जलसिंह को तलाश कर थाना लाया गया। पूछताछ में टेहनगुर थाना नयागांव जिला भिंड मध्यप्रदेश निवासी रंजीत सिंह रजावत पिता अवधेश सिंह 27 साल और जलसिंह उर्फ राणा पिता मुमनी सिह ने मारपीट करना स्वीकार किया।

साढ़े 9 करोड़ में निगम अपने खर्चे पर 48 से अधिक दुकानें और काम्प्लेक्स बनाकर बेचेगा

चांटीडीह भैंसाबाजार की सवा चार एकड़ जमीन पर 20 करोड़ में बनेंगे दो बड़े शापिंग काम्प्लेक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में 20 करोड़ खर्च कर व्यवस्थित मार्केट के साथ दो बड़े शापिंग काम्प्लेक्स बनाए जाएंगे। इसके लिए चां टी डी ह भैंसाबाजार की सवा चार एकड़ जमीन पर पूरा प्रोजेक्ट तैयार किया गया है।

- व्यवस्थित सब्जी मार्केट भी रहेगा

ड्राइंग डिजाइन भी तैयार कर लिया गया है। इसमें साढ़े 9 करोड़ में निगम अपने खर्चे पर 48 से अधिक दुकानें और काम्प्लेक्स बनाकर बेचेगा तो नगरोत्थान योजना की 10 करोड़ की राशि से एक दूसरा काम्प्लेक्स बनेगा। इसमें करीब 54 दुकानें रहेंगी। इसका प्रस्ताव भी शासन के पास भेज दिया गया है। इसके साथ ही अभी जहां सब्जी बाजार लग रहा है उसे हटाते हुए यहां के छोटे दुकानदानों को चबूतरे और दुकानें आबंटित की जाएंगी। इसके लिए एमआईसी में प्रस्ताव लाया जाएगा। मौके पर दुकानें और चबूतरे बनकर तैयार भी हो गए हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों चांटीडीह सब्जी मंडी में निगम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से कब्जा जमाए दुकानदारों को बाहर किया था। यहां वर्षों से निगम की दुकानों पर अवैध कब्जा था, लेकिन अब सभी जर्जर दुकानों को तोड़कर वहां एक व्यवस्थित और आधुनिक मार्केट बनाने की योजना बनाई गई है। निगम के मुताबिक यहां 49 दुकानों में से केवल 14 का ही विधिवत आवंटन हुआ था, जबकि बाकी बची 36 दुकानों पर लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया था।

बेसमेंट पार्किंग के साथ ग्राउंड फ्लोर में दुकानें

निगम अधिकारियों का कहना है कि पुनर्निर्माण के बाद दुकानें वैध प्रक्रिया के तहत आवंटित की जाएंगी, जिससे इस तरह की समस्या दोबारा न हो। इस पूरी प्रक्रिया में यह बात गौर करने वाली रही कि कई सालों से इन दुकानों पर अवैध कब्जा था, लेकिन निगम ने लंबे समय तक कोई कार्रवाई नहीं की। अब जब दुकानों की हालत पूरी तरह खराब हो गई, तब जाकर सख्त कदम उठाया गया है। अब जोन कमिश्नर प्रवीण शर्मा का कहना है कि दो बड़े शापिंग काम्प्लेक्स में बेसमेंट पार्किंग के साथ ग्राउंड फ्लोर पर दुकानें रहेंगी। इनका विधिवत आबंटन किया जाएगा। बाद में बजट मिलने के बाद सेकेंड फ्लोर में भी दुकानें बनाएं जाएंगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए शराब दुकान के साथ दूसरी दुकानों को हटाया जाएगा। निगम के पास यहां 300 मीटर जमीन उपलब्ध है।

आधुनिक सब्जी मंडी बनेगी

ध्यान रहे हैं यहां के कई दुकानदारों ने शटर तोड़कर जबरन दुकानें अपने कब्जे में ले ली थी और वर्षों से वहां व्यवसाय कर रहे थे। निगम को इसकी भनक तक नहीं लगी थी। कई दुकानों से निगम को किराया तक नहीं मिल रहा था। हाल ही में निगम ने स्थिति का जायजा लिया और पाया कि दुकानों की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। इसके बाद एक विशेष अभियान चलाकर सभी अवैध कब्जाधारियों को हटाया गया। निगम अधिकारियों ने बताया कि दुकानों की हालत इतनी खराब है कि उन्हें अब तोड़ना आवश्यक हो गया है। भविष्य में यहां एक व्यवस्थित और आधुनिक सब्जी मंडी का निर्माण किया जाएगा, जिससे व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

बनाए जाएंगे काम्प्लेक्स

चांटीडीह भैंसाबाजार की सवा चार एकड़ जमीन पर पूरा प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। इसमें साढ़े 9 करोड़ में निगम अपने खर्चे पर 48 से अधिक दुकानें और काम्प्लेक्स बनाकर बेचेगा तो नगरोत्थान योजना की 10 करोड़ की राशि से एक दूसरा काम्प्लेक्स बनेगा। व्यवस्थित मार्केट के साथ दो बड़े शापिंग काम्प्लेक्स बनाए जाएंगे।

- खजांची कुम्हार, अपर आयुक्त नगर निगम

खेल विभाग के भवन में ननि ने कर लिया कब्जा



बिलासपुर। नगर निगम के जगह की इतनी कमी है कि उसने अब सरकंडा एसईसीएल के सामने बने जिला खेल परिसर के भवन में पिछले तीन साल से कब्जा जमा लिया है। इसकी वजह से बाहर से आने वाले खिलाड़ियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खेल विभाग के अफसरों की ओर से कई बार भवन खाली कराने के लिए पत्र लिखा गया है, लेकिन निगम की ओर से किसी तरह का जवाब खेल विभाग को अब तक नहीं दिया गया है।

- जिला खेल परिसर में बना लिया है जोन कार्यालय

वर्ष 2007-08 में सरकंडा अरपा पार एसईसीएल के सामने खाली जगह पर जिला खेल परिसर का ग्राउंड बनाया गया था। बहतराई में प्रशिक्षण केन्द्र बनने के बाद जिला खेल परिसर में संचालित होने वाले खेल एवं युवा कल्याण का आफिस भी शिफ्ट कर दिया गया। विभाग के सहायक संचालक को उप संचालक बनाकर राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र की सारी जिम्मेदारी सौंप दी गई। इसके कारण जिला खेल परिसर भी पूरी तरह से सुनसान हो गया। वर्ष 2022 से वर्ष 2023-24 के दौरान विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान नगर निगम को सरकंडा की ओर जोन कार्यालय बनाने भवन की तालाश थी। नगर निगम के अफसरों ने जिला खेल परिसर के पीछे खाली भवन देखने के बाद आठ माह के लिए मांगा। निगम अफसरों के कहने पर खेल विभाग की ओर से आठ माह के जिला खेल परिसर का भवन दे दिया गया। आठ माह तक निगम ने किराया तो अदा नहीं किया और न ही आठ माह बीत जाने के बाद भवन को छोड़ा। इसके बाद खेल विभाग की ओर से लगातार भवन खाली कराने के लिए पत्र लिखा गया, जिसके बावजूद निगम की ओर से कोई जवाब खेल विभाग को नहीं मिल पा रहा है।

पीछे का भवन और प्रांगण कब्जे में

खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से संचालित जिला खेल परिसर एसईसीएल और सरकंडा थाना के सामने बनाया गया है। इसमें कुछ दिन पहले 60 लाख रुपए की राशि खर्च करने के बाद फुटबाल ग्राउंड बनाया गया, लेकिन कोई भी प्रतियोगिता नहीं हो सकी। नगर निगम ने जोन कार्यालय बनाने के लिए खेल परिसर के भवन के पीछे का हिस्सा और खाली पड़ी जमीन को आठ माह के लिए मांगा, जहां 3 साल से कब्जे को नहीं छोड़ा है।

लिखा गया है पत्र

जिला खेल परिसर का भवन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के पास है। वहां राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता वर्तमान में भी होती है। बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के लिए भोजन और अन्य व्यवस्था पीछे की ओर की जाती है। नगर निगम की ओर से चुनाव संपन्न कराने के लिए भवन को आठ माह के लिए मांगा गया था। आठ माह बीत जाने के बाद भी अब तक वहां कार्यालय का संचालन हो रहा है। नगर निगम को पत्र लिखा गया है, ताकि उसके खाली करने के बाद बच्चों को सुविधा मिल सके।

-ए एक्का, उप संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग

झांसा देकर शिक्षिका से 1 लाख 20 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिना ब्याज के 12 लाख रुपये का लोन दिलाने का झांसा देकर एक शिक्षिका से 1.20 लाख रुपये की आनलाइन ठगी की गई है। आरोपियों ने खुद को आदित्य बिरला फाइनेंस कैपिटल की एजेंट बताकर शिक्षिका को अपने जाल में फंसाया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



तारबाहर थाना क्षेत्र के गायत्री मंदिर चौक विनोबा नगर निवासी दीपशिखा दुबे पेशे से शिक्षिका हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 10 मार्च की सुबह करीब 10:30 बजे उनके मोबाइल पर मोबाइल नंबर 9289015671 से फोन आया। फोन करने वाली महिला ने अपना नाम नेहा राजपूत बताया और खुद को आदित्य बिरला फाइनेंस कंपनी कैपिटल से जुड़ा होना बताया। उसने शून्य प्रतिशत ब्याज पर लोन दिलाने की बात कही। इसके लिए एक लाख से 1.20 लाख रुपये तक की बीमा पालिसी लेने की शर्त रखी गई। दावा किया गया कि इसके बदले उनके बैंक खाते में दस गुना राशि यानी 12 लाख रुपये जमा कराए जाएंगे। शुरुआत में शिक्षिका ने इनकार किया, लेकिन बार-बार फोन आने और कथित कार्यालय के लैंडलाइन नंबरों से संपर्क होने के कारण उन्हें भरोसा हो गया। इसके बाद उन्होंने अपने एसबीआई क्रेडिट कार्ड से 1.20 लाख रुपये का भुगतान कर दिया।

बदले में उन्हें स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस की पालिसी दी गई। उन्हें 18 मई तक राशि मिलने का आश्वासन दिया गया।

नहीं मिली राशि, उलटा हो गया उधार

शिक्षिका ने बताया कि 12 लाख रुपये खाते में जमा करने की तारीख लगातार आगे बढ़ाई जाती रही। पहले 30 जून, फिर 14 जुलाई, 28 जुलाई, 12 अगस्त और अगस्त के अंत तक भुगतान का भरोसा दिया गया। सितंबर में भी कई तारीखें बताई गईं, लेकिन रकम नहीं मिली। एक अक्टूबर के बाद संबंधित लोगों के फोन बंद हो गए या वे जवाब देना बंद कर दिया। पीड़िता ने बताया कि लोन मिलने की उम्मीद में उन्होंने अलग-अलग स्रोतों से उधार भी लिया, जिससे उन पर 4 लाख रूपए का कर्ज बढ़ गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सीताफल बेचने आए ग्रामीण पर पेपर कटर से हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एमपी के अनूपपुर जिले से सीताफल बेचने बिलासपुर आए ग्रामीण पर रेलवे स्टेशन के सामने असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया गया। पहले शराब पीने के लिए रुपये मांगें और नहीं देने पर दो युवकों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्कों के साथ धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया।

मध्यप्रदेश के अनुपपुर जिला अंतर्गत ग्राम पडरिया में रहने वाले कौशल सिंह (48) किसान है। वह अपने साथी लखन सिंह के साथ 15 अक्टूबर की शाम मेमो ट्रेन से सीताफल लेकर बिलासपुर पहुंचा था। रात होने के कारण दोनों रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 1 पर टिकट घर के सामने रुक गए थे। इस दौरान



आरोपी।

- तारबहार थाने का मामला
- एक नाबालिग भी पकड़ा गया

दरमियानी रात करीब 1 बजे दो युवक उसके पास पहुंचे और शराब पीने के लिए रुपये की मांग की। कौशल ने सीताफल बेचने आने और पास में पैसे नहीं होने की बात कही। इससे नाराज होकर दोनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद हाथ-मुक्कों और पेपर कटर से उसके मुंह, सिर के बाईं ओर तथा बाएं हाथ पर वार कर दिया। हमले में उसे चोटें आईं और खून निकलने लगा। घटना के बाद दोनों युवक मौके से भाग गए। आसपास के लोगों ने हमलावरों के बारे में बताया, जिसके बाद प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। शुक्रवार को तारबहार पुलिस ने मामले में बापू नगर निवासी आशिक ननहेट पिता धनराज ननहेट उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, वहीं एक नाबालिग को सुधारगृह भेजा गया है।

नाबालिग ने युवक को टक्कर मारी, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। लापरवाहीपूवर्क कार चलाने वाले नाबालिग आरोपी के बाद कार मालिक पर सरकंडा पुलिस ने कार्रवाई की है। थाना सरकण्डा क्षेत्र में 12 अक्टूबर की दोपहर 3.30 बजे कार क्रमांक सीजी 10 बीई 1235 के चालक द्वारा अन्नपूर्णा कालोनी गणेश नगर निवासी बाइक सवार समीर खान को दुर्घटना करते हुए घायल कर दिया है। इस दौरान कार नाबालिग लड़का चला रहा था। पुलिस ने मामले में नाबालिग को मुचलके में छोड़ दिया था। वहीं कार मालिक स्वर्णिम एरा निवासी ओमप्रकाश पिता हेतराम श्रीवास पर कार्रवाई कर कार जब्त की है।

लोग चिल्लाते रहे और युवक हाथियों के सामने डंडा लेकर खड़ा हो गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मरवाही वन मंडल में हाथियों से भिडंत करने के लिए एक युवक हाथ में डंडा लेकर सामने में खड़ा हो गया, जब हाथी उसके करीब पहुंचे तो वह भाग खड़ा हुआ। पिछले कुछ दिन से मरवाही वन मंडल के पसान क्षेत्र में 52 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इसके कारण वन विभाग की टीम भी ग्रामीणों को लगातार सतर्क करने के साथ हाथियों से छेड़छाड़ नहीं करने का अनुरोध कर रही है।

शुक्रवार की सुबह मरवाही वन मंडल में अचानक हंगामा मचने लगा। एक अजय नामक युवक हाथ में लाठी लेकर हाथियों को खदेड़ने के लिए पहुंच गया, जिसे रोकने पीछे से लोग अजय वापस आ जा मत छेड़छाड़ कर चिल्लाते रहे। इसके बावजूद युवक हाथियों के साथ डटा नजर आया। यह



खतरनाक नजारा कैमरे में कैद करने के बाद सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। विभाग के अनुसार हाथियों का दल कोरबा-पेण्ड्रा सीमा पर विचरण कर रहा है। हाथियों ने खेतों में घुसकर धान की खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाया है। ऐसी हालत में ग्रामीणों को भी रात भर जागकर अपने फसल की रखवाली करना मजबूरी हो गई है। विभाग की ओर से लगातार ग्रामीणों को अलर्ट किया जा रहा है।

एक्सीडेंट से अधेड़ की मौत, दो माह बाद चालक गिरफ्तार

बिलासपुर। दो माह पहले दर्रीघाट के पास अज्ञात कार द्वारा बाइक सवार को ठोकर मार कर घायल करने और इलाज के दौरान उसकी मौत के मामले में फरार कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला 12 अगस्त का है। जब तालदेवरी थाना बिर्रा जांजगीर निवासी लोकेश्वर प्रसाद खुंटे पिता भोजराम खुंटे उम्र 55 साल अपनी बाइक क्रमांक सीजी 12 एडी 4834 से बिलासपुर आ रहा था। इस दौरान दर्रीघाट के पास सामने से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 सीई 6512 के चालक ने बाइक सवार को ठोक दिया। दुर्घटना के बाद लोकेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए अपोलो में भर्ती किया गया था। जहां इलाज के दौरान लोकेश्वर की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग क्र. 85/2026 दर्ज कर अपराध पंजीबद्ध किया और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस को सुराग मिला और महासमुंद निवासी कार चालक व आरोपी राजू राजपूत पिता पवन कुमार राजपूत को मस्तूरी थाने बुलाया गया। जिसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं दुर्घटनाकारी कार को जब्त कर दिया है।








पुराना थाना दुर्गा उत्सव समिति, तखतपुर।


दुर्गा उत्सव समिति बमुरहापारा भटगांव मुंगेली।


दुर्गा उत्सव समिति मलाईघाट मुंगेली।


दुर्गा उत्सव समिति मल्हापारा मुंगेली।


महामाया दुर्गा उत्सव समिति लालाकापा।


सिद्धी विनायक दुर्गा उत्सव समिति मलाईघाट मुंगेली।


सर्वेश्वरी समिति आगर क्लब मुंगेली।


गजेंद्र नगर दुर्गा उत्सव समिति, तखतपुर।


नवयुवक समिति सोनारपारा मुंगेली।


ठाकुरपारा दुर्गा उत्सव समिति, तखतपुर।


नवनीत मण्डल बालानी चौक मुंगेली।


तालाब के पास मल्हापारा मुंगेली।


नगर पालिका कार्यालय के पास मुंगेली।


शंकर मंदिर दुर्गा उत्सव समिति मुंगेली।

27 से 31 अक्टूबर तक मनेगा जिला स्तरीय युवा उत्सव

मुंगेली। राज्य के युवाओं को कला, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियों के क्षेत्र में अधिक अवसर उपलब्ध कराने तथा उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 27 से 31 अक्टूबर के मध्य जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026–27 का आयोजन किया जाएगा। उत्सव के माध्यम से जिले के युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे और राज्य स्तरीय युवा उत्सव में सहभागिता के लिए आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त करेंगे। जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026–27 में युवाओं के लिए विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें विकसित भारत चौलेंज ट्रैक, लोक नृत्य, लोकगीत, चित्रकला, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक, क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज और पारंपरिक वेशभूषा शामिल हैं। वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पॉल ने बताया कि सभी विधाओं में 15 से 29 वर्ष तक के प्रतिभागी एवं 18 से 40 वर्ष तक के संगीतकार हिस्सा ले सकते हैं। आयु की गणना 17 अगस्त 2026 की स्थिति में की जाएगी। रॉक बैंड का आयोजन केवल राज्य स्तर पर किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी 25 अक्टूबर 2026 तक अपने विकासखंड के प्रभारी अधिकारियों से संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं। विकासखंड पथरिया के प्रतिभागी नोडल अधिकारी अशोक कुमार यादव, व्यायाम शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलतरा तथा निर्मल जांगड़े, व्यायाम शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदकू से संपर्क कर सकते हैं। विकासखंड लोरमी के प्रतिभागी नोडल अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, व्यायाम शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोड़खाम्ही तथा रामनारायण सिंह राजपूत, व्यायाम शिक्षक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरसल से संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं।

अग्रसेन महाराज ने समाज को दी स्वावलंबी बनने की सीख


हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

- धूमधाम से मनाई गई अग्रसेन जयंती, निकली शोभायात्रा

नगर में अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष व बच्चे युवा शामिल हुए।

अग्रसेन भवन में समारोह का शुभारंभ किया गया। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष पवन जिंदल ने कहा कि जब-जब विश्व इतिहास में सामाजिक समरसता लोक कल्याण और आर्थिक समानता की बात होगी तब तब हमारे आराध्य अग्रसेन महाराज का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। वे सिखाते थे कि किसी को दान देकर याचक मत बनाओ बल्कि उसे अपने बराबर लाकर स्वावलंबी बनाओ। समारोह को समाज की महिला अध्यक्ष आशा पंचू चैधरी, प्रेमा अग्रवाल ने भी सम्बोधित किया। संचालन नितेश अग्रवाल ने किया(इस अवसर पर राधेश्याम अग्रवाल, नत्थुलाल चौधरी, पवन गोयल ,श्यामसुंदर गोयल ,नरेंद्र जिंदल ,बनवारीलाल अग्रवाल गोपाल अग्रवाल, निरंजन अग्रवाल, हितेश गोयल मनोज चैधरी त्रिवेणी जिंदल, अशोक अग्रवाल, पवन अग्रवाल, प्रेम गर्ग निर्मला चौधरी, माया गोयल आशा योगेश चौधरी, पूजा विजय गोयल ,प्रेम गोयल ,खुशबू चौधरी, हितेश गोयल, विशाल चौधरी मुकेश सरोठिया, सम्यक गोयल, शुभम चौधरी, यश सरोठिया, धीरज गोयल, कृष्ण चौधरी, कुश अग्रवाल, ऋषभ चौधरी, निखिल चौधरी, तुषार चौधरी उपस्थित रहे।

टोकन प्रणाली से व्यवस्थित व पारदर्शी होगी उर्वरक वितरण व्यवस्था


हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

किसानों को समय के साथ उचित दर पर और सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में रबी वर्ष 2026-27 से फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल के अंतर्गत टोकन प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण किया जाएगा। इस नई व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन की तैयारी के तहत कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में कार्यालय उप संचालक कृषि मुंगेली के सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। टोकन प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण व्यवस्था अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी एवं किसान हितैषी बनेगी।

प्रशिक्षण में जिले के 70 समिति प्रबंधकों सहित समितियों के कंप्यूटर ऑपरेटरों, थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों तथा प्रगतिशील कृषकों ने भाग लिया। उप संचालक कृषि श्रीमती वीणा ठाकुर ने बताया कि टोकन प्रणाली लागू होने से किसानों को समय पर उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने में सुविधा होगी।

मां की याद में मुकेश ने नगर पालिका को समर्पित किया मुक्तांजलि वाहन

गौरेला। नगर पालिका परिषद गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे ने अपनी माता स्वर्गीय त्रिवेणी देवी दुबे की स्मृति में मुक्तांजलि वाहन 'त्रिवेणी स्वर्ग रथ' नगर पालिका परिषद को प्रदान किया। माता की तेरहवीं के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक एवं मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची ने नगर पालिका को वाहन की चाबी सौंपी। माता की स्मृति को समाजसेवा से जोड़ते हुए मुकेश दुबे एवं उनके परिवार द्वारा उठाया गया यह कदम जरूरतमंद परिवारों के लिए उपयोगी साबित होगा। मुक्तांजलि वाहन के माध्यम से अंतिम संस्कार के लिए शव परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।



इस पहल के जरिए परिवार ने अपनी माता की स्मृति को जनसेवा के कार्य से जोड़ने का प्रयास किया है। कार्यक्रम में राकेश दुबे, सिद्धार्थ दुबे, ज्योति दुबे, कौस्तुभ दुबे, आयुष दुबे एवं समयांतक दुबे सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष लालजी यादव, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कन्हैया सिंह राठौर, नगर पालिका परिषद गौरेला की उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा, जिला पंचायत सदस्य राजेश नंदिनी आर्मो, एल्डरमेन रामप्रकाश सिंह सहित जिले के भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पूर्व सरपंच के घर से अवैध सागौन लकड़ी बरामद, अपराध दर्ज



लोरमी। ग्राम बांधा में लकड़ी तस्करों और अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस तथा वन विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर जूनापारा पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम बांधा के पूर्व सरपंच खम्मन सोनवानी के घर पर रेड (छापेमारी) कार्रवाई की। तलाशी के दौरान पूर्व सरपंच के पुत्र राजेश सोनवानी के कब्जे से 31 नग अवैध सागौन की लकड़ी (चिरान एवं सिलपट) बरामद की गई। पुलिस की मौजूदगी में वन विभाग द्वारा आरोपी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 की सुसंगत धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू कर दी गई है।

भाजपा मंडल की बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा

लोरमी। लोरमी विधानसभा के भाजपा मंडल डिंडोरी की मासिक कामकाजी बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्ययोजना पर हुई चर्चा हुई।

बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री विनय साहू ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी श्रामेश्वर बंजारे, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू तथा जिला पंचायत सदस्य अनीता साहू की प्रमुख उपस्थिति रही। बैठक के दौरान प्रदेश मंत्री विनय साहू ने पार्टी की रीति-नीति एवं केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने का आह्वान किया,साथ ही संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया।



रामेश्वर बंजारे ने कहा की हर बूथ को सक्षम और डिजिटल बनाने की योजना पर कार्य करना है। मण्डल अध्यक्ष राजेंद्र साहू ने कहा सभी बूथों तक पार्टी की गतिविधियों को सक्रियता से कार्य को पहुचाने अपील की। जिला पंचायत सदस्य अनिता साहू, जनपद उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री माधव तिवारी एवं आभार जन्मेजय जायसवाल ने किया। इस अवसर पर जवाहर दिवाकर, किसान मोर्चा अध्यक्ष उमेश लोनिया, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र केशरवानी, मंडल मंत्री विनोद यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, उपाध्यक्ष राजाराम साहू एवं उत्तम लोनिया, महामंत्री देवराज यादव, मंत्री राजेश लोनिया, कमल साहू, संतराम मरावी, हरिशंकर साहू, अश्विनी साहू, पवन साहू, बुधवा भास्कर, वीरेंद्र राज, हरीश साहू आदि मौजूद थे।

डीवीआई स्मार्ट स्कूल में भव्य गरबा महोत्सव दिखी नवरात्रि पर्व की सांस्कृतिक छटा

जरहागांव। डीवीआई स्मार्ट स्कूल, जरहागांव में नवरात्रि पर्व की सांस्कृतिक छटा, पारंपरिक उल्लास और पारिवारिक सहभागिता से परिपूर्ण भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, उमंग और आत्मविश्वास के साथ गरबा नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। महोत्सव का विशेष आकर्षण बच्चों के साथ उनकी माताओं की सहभागिता रही।



माताओं ने भी पारंपरिक परिधान धारण कर अपने बच्चों के साथ गरबा नृत्य में भाग लिया। संगीत की मधुर धुनों पर बच्चों और माताओं के कदम एक साथ थिरके, जिससे विद्यालय परिसर में आनंद, उत्साह और आत्मीयता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। विद्यालय का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सामूहिक सहभागिता की भावना विकसित करना है। इस अवसर पाक कला कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें अभिभावकों ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक पाक-संस्कृति का परिचय देते हुए विभिन्न छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की सहभागितापूर्ण प्रस्तुति दी। स्थानीय स्वाद, पारंपरिक विधियों और घरेलू पाक-कला से सजे व्यंजनों ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। इस अवसर पर पीआरओ मनीषा त्रिपाठी, रश्मि पांडेय, सविता कुर्रे, सावित्री कश्यप, रेनू साहू, दीपिका निर्मलकर, किरण साहू, अंजली साहू, रिंकी साहू, मंजू साहू, योगेश्वरी साहू, चांदनी साहू का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय की एडमिनिस्ट्रेश एस रानी ने गरबा महोत्सव एवं पाक कला कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले समस्त अभिभावकों, माताओं तथा विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

नाले के किनारे जुआ खेलते 4 आरोपी गिरफ्तार

लोरमी। बिलासपुर जिले की जूनापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम रामहेपुर नाला के किनारे दबिश दी, जहाँ कुछ लोग जुआ खेलते मिले। पुलिस ने घेराबंदी कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में ग्राम भीमपुरी निवासी, छेदी ध्रुव पिता केजू ध्रुव, राजेन्द्र नवरंग पिता गंगाराम नवरंग, विनोद साहू पिता बाबूलाल साहू, अयोध्या प्रसाद साहू पिता बहोरी साहू के खिलाफ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की। इस सफल कार्रवाई में जूनापारा प्रभारी संजीव ठाकुर, सह. उप निरीक्षक भुनेश्वरराम साहू, अजय जायसवाल, देवनारायण शामिल रहे।



राजपूत युवा मोर्चा ने कैंसर पीड़ित को की आर्थिक मदद

लोरमी। नवापारा निवासी मीना राजपूत पति स्व भोलाराम राजपूत को कैंसर बीमारी में इलाज कराने हेतु 46 हजार 262 रुपए का मदद लोगों के जनसहयोग से किया गया। संजय सिंह ने कहा कि नवरात्रि पर्व मां की आराधना का होता हैं, हम देवी स्वरूपा मां की आंसू को पोछने का कार्य कर रही है। दानदाताओं को धन्यवाद। इस अवसर पर राजपूत युवा मोर्चा लोरमी के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समाजसेवी उपस्थित थे।



आश्वासन के बाद कर्मचारी संगठन की हड़ताल स्थगित

मुंगेली। स्वर्गीय टीकाराम खाण्डे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भालापुर के पेंशन, ग्रेच्युटी एवं सामान्य भविष्य निधि जीपीएफ की राशि के भुगतान में विलंब के मामले को लेकर गवर्नमेंट एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ गेवा द्वारा शुरू की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल जांच एवं कार्रवाई के ठोस आश्वासन के बाद स्थगित कर दी गई है। संगठन द्वारा 15 अक्टूबर से जिला कलेक्टर परिसर के सामने स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा के समक्ष आंदोलन किया जा रहा था। आंदोलन के दूसरे दिन ही प्रकरण को लेकर अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक हुई। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कोषालय अधिकारी की संयुक्त बैठक में मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का ठोस आश्वासन दिया गया। बैठक में गेवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष कृष्ण कुमार नवरंग एवं प्रदेश महामंत्री बसंत बंजारे ने अधिकारियों के समक्ष स्वर्गीय टीकाराम खांडे के लंबित पेंशन, ग्रेच्युटी एवं जीपीएफ भुगतान का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। अधिकारियों द्वारा जांच एवं कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद संगठन ने फिलहाल अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया।



आज जेईई मेन्स परीक्षा की तैयारी के सम्बन्ध किया जाएगा जागरूक

मुंगेली। डॉ भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित डॉ ब्रास मास्टर की एकेडमी, डॉ भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय परिसर मुंगेली में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी प्रदेश के किसी भी शासकीय, अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 11वी एवं 12वी हिन्दी माध्यम सीजीबीएसई में नियमित रुप से अध्ययनरत गणित संकाय के छात्रों के लिए 17 अक्टूबर 2026 शनिवार को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक जेईई मेन्स परीक्षा 2027 की तैयारी के सम्बन्ध में जानकारी दी जाएगी।

ज्ञात हो कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने जेईई मेन्स परीक्षा के पहले चरण की संभावित तिथि 22 जनवरी से 30 जनवरी 2027 जारी कर दी है। संभवतः अक्टूबर के अन्तिम सप्ताह से ऑनलाइन फार्म भरा जा सकता है। इसी तरह हिंदी माध्यम विज्ञान संकाय कक्षा 12 वीं के छात्रें के लिए नीट यूजी परीक्षा 2027 की तैयारी के सम्बन्ध में 14 नवम्बर शनिवार को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक निःशुल्क एक दिवसीय कैरियर गाइडेंस कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें इच्छुक छात्र–छात्राएं एवं अभिभावक निर्धारित समय में सीधे उपस्थित होकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अग्रिम पंजीयन एवं विस्तृत जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9303901651 पर शीघ्र संपर्क करें। उक्त आशय की जानकारी राजेन्द्र दिवाकर ने दी है।

ग्रामीण क्षेत्रों में दवा सेवन और झाड़-फूक के प्रति लोगों को किया गया जागरूक

पेंड्रा। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026-27 के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवसा के दो बाल वैज्ञानिक चंद्रशेखर और आशीष ने ग्रामीण क्षेत्रों में बुखार के दौरान दवाओं के अनियंत्रित सेवन और झाड़-फूंक पर निर्भरता के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं।



विद्यालय के मार्गदर्शक व्याख्याता हरिशंकर शर्मा के निर्देशन में दोनों विद्यार्थी एक शोध परियोजना पर कार्य कर रहे हैं। इसके तहत वे जनजातीय और बैगा बहुल क्षेत्रों में घर-घर जाकर बुखार के दौरान सावधानी बरतने और समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने का संदेश दे रहे हैं। परियोजना के अंतर्गत चंद्रशेखर और आशीष जल-चिकित्सा से जुड़ी कुछ सहायक विधियों का व्यावहारिक प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें माथे पर सामान्य पानी की पट्टी रखने और गुनगुने पानी से पैरों को आराम देने जैसी प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा रही है। दोनों बाल वैज्ञानिक टब, पानी और थर्मामीटर की सहायता से ग्रामीण परिवारों को अपनी परियोजना का प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका उद्देश्य वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के साथ ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है।विद्यालय के मार्गदर्शक व्याख्याता हरिशंकर शर्मा के नेतृत्व में संचालित इस परियोजना को स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सराहना मिल रही है। कम उम्र में सामाजिक समस्या को पहचानकर उसके प्रति जागरूकता फैलाने का विद्यार्थियों का प्रयास उल्लेखनीय है।

त्यौहारों में शांति बनाए रखने के लिए 13 दंडाधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित

मुंगेली। नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान जिले में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने और आम नागरिकों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर ने आदेश जारी कर 13 कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

उन्होंने नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान जिले में शांति, सुरक्षा और कानून–व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित संचालन के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार, नवरात्रि एवं दशहरा उत्सव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित संचालन के उद्देश्य से कार्यपालिक दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है। संबंधित अधिकारी अपने–अपने निर्धारित क्षेत्रें के लिए प्रभारी होंगे। सभी अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश में कार्यपालिक दंडाधिकारी शेखर पटेल, कमल किशोर पाटनवार, अतुल वैष्णव, चंद्रकांत राही, छाया अग्रवाल, दिलीप कुमार खांडे, प्रकाश यादव, हरिश यादव, चंदन दुबे, लीलाधर क्षत्रिय, श्वेता मेहर, चंद्रप्रकाश सोनी एवं शांतनु तारम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी संबंधित अधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रें में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा पर्व के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित संचालन के निर्देश दिए गए हैं।